रांची ● वर्ष : 02 ● अंक : 171 ● हजारीबाग से भी प्रकाशित ● पृष्ठ : 12 ● मंगलवार ● 16.04.2024 ● मूल्य : 4 रुपया ● TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com ● सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रातः आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

मोदी की गारंटी पर देश की जनता को है पूरा भरोसा : बाबूलाल मरांडी



पेज-03

## संक्षिप्त समाचार

### एक लाख के इनामी सहित 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा ।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वरार्टू (घर वापस आइए) के तहत सोमवार को एक लाख रुपये के इनामी सहित 26 नक्सलियों ने जिला पुलिस कप्तान के सामने आत्मसमर्पण किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले पुलिस प्रशासन की पहल रंग लाई। समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की मंशा के साथ एक लाख रुपये के इनामी नक्सली सुकमा जिले के पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी के साथ 25 अन्य नक्सलियों ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 20 पुरुष और छह महिला नक्सली शामिल हैं। यह सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव, सुकमा जिलों में सक्रिय थे। उल्लेखनीय है कि नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वरार्टू के तहत सुकमा जिले में सबसे अधिक नक्सली रोजाना आत्मसमर्पण कर रहे हैं। साथ ही आत्मसमर्पण न करने वाले नक्सली गिरफ्तार किए जा रहे हैं।

### क्राइम ब्रांच ने शुरू की सलमान के आवास पर फायरिंग मामले की जांच

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने हुई फायरिंग की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को जांच सौंपी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया है और छानबीन कर रही है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया कि सलमान खान के आवास पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपितों के फोटो सीसीटीवी के जरिये मिल गए हैं। साथ ही फायरिंग के लिए उपयोग में लाई गई मोटसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। यह मोटरसाइकिल रायगढ़ जिले की है और आरोपितों ने इसे सेकंड हैंड खरीदा था। अब मोटरसाइकिल के पहले मालिक की तलाश की जा रही है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन

## झारखंड को पूरे देश में मिली 9वीं रैंक

प्रातः आवाज

**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर राज्य को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खुशी जताते हुए प्रदेश की जनता को बधाई दी है। सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लिखा, 'बधाई झारखंड!



झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हमारी सरकार की योजनाओं एवं उनके द्वारा हो रहे बदलावों को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत चलने वाले 'श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन' ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर झारखंड को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। आप सभी के सहयोग से, झारखंड की आम जनता की सेवा एवं उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का हमारा अभियान जारी रहेगा।'

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के अलग-अलग मापदंडों के आधार पर जो रैंकिंग तय की है, उसमें पहले स्थान पर तमिलनाडु, फिर मिजोरम, तेलंगाना जैसे राज्य हैं। इसके अलावा झारखंड से आगे कर्नाटक, पंजाब, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्य हैं। गुजरात दसवें पायदान पर जबकि ओडिशा 19वें स्थान पर है।

## झारखंड हाई कोर्ट ने लेक्चरर नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार और जेपीएससी से मांगा विस्तृत जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 2008 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में 600 से अधिक लेक्चरर नियुक्ति को चुनौती देने वाली डॉ मीना कुमारी और अन्य की याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से लेक्चर नियुक्ति से संबंधित विषय पर विस्तृत जवाब मांगा है। जेपीएससी से अधिवक्ता संजय पिपरववाल एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। इससे पहले कोर्ट ने जेपीएससी से जानना चाहा कि इस मामले की सीबीआई जांच कैसे दी गई? इस पर जेपीएससी की ओर से बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के आलोक में इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की ओर से बताया गया कि मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, निचली अदालत में यह मामला आरोपितों की उपस्थिति पर चल रहा है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित



याचिका अभी भी अस्तित्व में है, इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में अभी भी चल रही है। जेपीएससी एवं सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के निष्पादन के बाद करने का निर्देश दिया। वर्ष 2008-2009 में जेपीएससी की ओर से व्याख्याता पद पर नियुक्ति के लिए रिजल्ट निकाला गया था। इस मामले में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गयी।

### रांची में चैती छठ पर सड़क हादसा

## सूर्य भगवान को अर्घ्य देने जा रहे तीन लोगों की मौत

प्रातः आवाज

**रांची।** राजधानी रांची में लोक आस्था के पर्व चैत छठ पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड़ के शिव मंदिर के पास हुआ। यह लोग भगवान भास्कर को सोमवार सुबह का अर्घ्य देने जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्घ्य देने जा रहे लोगों से भरी एक ऑटो (छोटा हाथी) डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिला और एक 12 साल की बच्ची शामिल है। जबकि नौ लोग घायल है। घटना



रातू के काठीटांड के शिव मंदिर के समीप की है। राजेश साहू अपने परिवार के लोगों के साथ ऑटो (छोटा हाथी) में सवार होकर रवि स्टील के पास से रातू चट्टी तालाब में अर्घ्य देने जा रहे थे। इसी दौरान घटना घटी। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि मृतकों में कमला देवी (50), कौशल्या देवी (50) और आराध्या कुमार (12) शामिल है। अन्य घायलों में दो की हालत गंभीर है। अन्य सभी को हल्की चोटे आयी है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में विदेशी ताकतों की छाप : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में भारत विरोधी विदेशी शक्तियों की छाप दिखती है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भारत को न्यूक्लियर पॉवर विहीन करने की बात है। कांग्रेस और भारत विरोधी विदेशी ताकतों की विचार धारा एक क्यों है? साथ ही उन्होंने कहा कि ममता दीदी की सरकार में पश्चिम बंगाल में आतंकियों, उपद्रवियों, भ्रष्टाचारियों, राष्ट्र और महिला विरोधियों को संरक्षण मिलता है। एक ओर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के घर से करोड़ों रुपए बरामद होते हैं तो वहीं दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस के नेता महिलाओं का उत्पीड़न करते हैं। अनुराग ठाकुर आज भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल के बागडोगरा पहुंचे थे जहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी संकल्प पत्र पर चर्चा की।

## हेमंत सोरेन ने जमानत के लिए दी अर्जी, सुनवाई आज

प्रातः आवाज

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी है। सोमवार को सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में याचिका दाखिल की है। मामले में कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा।

फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने वापस लेने का दिया निर्देश

**रांची।** ईडी की गिरफ्तारी के पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद करीब 40 घंटे से अधिक समय तक ट्रेसलेस रहने को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में याचिकाकर्ता के आग्रह को देखते हुए जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने याचिका वापस लेने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि ईडी ने हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वह अभी बिरसा मुंडा जेल में ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए अब इस याचिका की सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद ट्रेसलेस रहने को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर सोरेन को ढूंढ कर सामने लाने का अदालत से आग्रह किया था। जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए ईडी ने 10वां समन जारी कर 29 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए समय निर्धारित करने का आदेश दिया था। इसके पहले हेमंत सोरेन 27 जनवरी की शाम रांची से दिल्ली के लिए रवाना हो गये थे। 29 जनवरी को हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर ईडी ने तलाशी ली थी, उस समय हेमंत सोरेन वहां मौजूद नहीं थे। 30 जनवरी को हेमंत सोरेन रांची में नजर आये थे और 31 जनवरी को पूछताछ के क्रम में ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

### लातेहार में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

## आठ आईईडी बम बरामद

प्रातः आवाज

**लातेहार ।** लातेहार पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे गए आठ बम को बरामद किया। बरामद बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखी गई हैं।



इस सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से जंगल में छापामारी अभियान चलाई। छापामारी के क्रम में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया। सभी बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया। एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम रखा होगा। उन्होंने बताया कि पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाई जा रही है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सुदूरवर्ती जंगली इलाकों में भी लगातार सर्च अभियान जारी है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया है कि किसी भी प्रकार की सूचना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

## चतरा : टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार

प्रातः आवाज

**चतरा ।** चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों और कोयला व्यवसायियों से लेवी वसूलते थे।इनके पास से मेड इन यूएसए लिखे दो पिस्टल, टीएसपीसी पर्चा सहित अन्य समान बरामद किया है।

चतरा एसपी विकास पांडेय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पिपरवार एवं टण्डवा थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसाय तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा धमकी देकर



रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी। साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में कोल परिचालन में लगे हाइवा वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिस कारण कोल-व्यवसायियों तथा आमजन में भय व्याप्त था। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए टण्डवा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की टीम ने लगातार छापामारी कर टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल के रूप में हुई है। सभी टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा जिला के टण्डवा, पिपरवार, रांची जिला के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में खनन एवं विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों से लेवी वसूली की घटनाओं में शामिल थे। हाल ही में पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी गांव में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाइवा में आगजनी और जामडीह गांव स्थित श्री इन्टरप्राइजेज कम्पनी के हाइवा वाहन में आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों की पहचान की गयी है। साथ ही ये भी पता चला है कि नये लड़कों को संगठन में शामिल किया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## महागठबंधन के अंदर डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं कल्पना सोरेन

प्रातः आवाज

रांची । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में कल्पना मुर्मू सोरेन की एंट्री झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव है। राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना है कि वह हेमन्त सोरेन से कम नहीं हैं। कल्पना सोरेन की राजनीतिक सोच और दृष्टि बहुत कुछ बयां करती है।

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के अंदर भी कल्पना सोरेन डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं। चाहे सीट बंटवारे का फामूर्ला तय करना हो या अन्य हरेक राजनीतिक गतिविधियों पर कल्पना सोरेन की निगाहें रहती हैं।



कुछ दिन पहले ही कल्पना सोरेन की महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद और अन्य दलों के शीर्षस्थ नेताओं के साथ बैठक हुई थी। इसमें कल्पना सोरेन खुद लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे और अन्य मुद्दों पर वार्ता करती दिखीं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कल्पना सोरेन कुछ दिन पहले ही दिल्ली जाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें ढांढस देते दिखी थीं। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे झारखंड के साथ-साथ बाहर दूसरे राज्यों में भी महागठबंधन के साथ मंच साझा करेंगी। शायद यही वजह भी रही होगी कि कल्पना सोरेन महागठबंधन झारखंड में स्टार प्रचारक के रूप में हर जिले का दौरा भी कर रही हैं।

बहरहाल लोकसभा चुनाव 2024 का आगामी परिणाम निर्णयक होगा। राज्यवासियों को यही चुनावी परिणाम बताएगा कि राजनीति में वाकई कल्पना सोरेन का बड़ा कद है या फिर कल्पना सोरेन सिर्फ राजनीतिक कल्पनाओं में फीट बैठती हैं।

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव कहते हैं कि जिस पार्टी के सरदार ही जेल के अंदर हैं। वे कल्पना के सहारे ही राजनीतिक वापसी का ख्वाब देखेंगे। अब भ्रष्टाचार की आड़ में जेल के अंदर से मिला मार्गदर्शन कितना कारगर साबित होगा, समझ सकते हैं। वैसे जल, जंगल और जमीन की वकालत करने वाले लोगों पर करोड़ों की जमीन घोटाला करने का बड़ा आरोप लगा है।

दूसरी ओर झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी में कोई भी नया सदस्य जुड़ता है तो इसका व्यापक लाभ मिलता है। कल्पना सोरेन के आने के बाद निश्चित तौर पर महागठबंधन को संगठनात्मक रूप से लाभ मिल रहा है। वैसे भी उनके पति (पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) के साथ जो अन्याय हुआ है, राज्यवासियों की उनसे भरपूर सहानुभूति है। किसी भी देश या परिवार के साथ हुए अन्याय पर सहानुभूति मिलती ही है।

## उलगुलान रैली के लिए गठबंधन दलों की 60 लोगों की बनी समिति

प्रातः आवाज

रांची । झामुमो ने उलगुलान न्याय महारैली की सफलता के लिए इंडी गठबंधन के दलों ने आपसी समन्वय के तहत विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किया है। इसमें 26 आयोजन समिति, 26 स्वागत समिति और आठ मीडिया समिति का गठन किया गया है। कुल 60 लोगों को समिति में रखा गया है। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय की ओर से सोमवार को इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। समिति में शामिल पदाधिकारियों और नेताओं के नाम जारी कर दिए गए हैं। इसमें सभी गठबंधन दलों के मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारियों को शामिल किया गया है।

आयोजन समिति में मंत्री बैजनाथ राम, दीपक बिरूआ, बेबी देवी, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, विधायक विकास सिंह मुंडा, राजेश कच्छप, पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य,नंद किशोर मेहता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रवींद्र सिंह, अजय नाथ शाहदेव, अमूल्य नीरज खलखो, मानस सिन्हा, गौतम सागर राणा, रंजन कुमार, कुमार वरूण, सुदामा खलखो, नरेंद्र चौबे, सौरभ श्रीवास्तव आदि शामिल हैं। जबकि स्वागत समिति में मंत्री दीपक बिरूआ, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, सांसद सरफराज अहमद, विजय हांसदा, महुआ माजी, विधायक सविता महतो, सुदिव्य कुमार सोनू, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राजू गिरि, अनवर अहमद अंसारी, विनय सिन्हा दीपू, मंजूर अंसारी, गुंजन सिंह, तनवीर आलम, अभिलाष साहू, अभीजित राज, केदार पासवान, अनिता यादव, आबिद अली, शुभेंदू सेन, समर सिन्हा, डीएन सिंह, अजय भगत शामिल हैं।

## समाचार सार

### उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**रांची (प्रातः आवाज)।** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोला गया और आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव सहित अन्य मानकों का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के रख-रखाव के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया। इस दौरान रांची जिला के सभी सात विधानसभा क्षेत्र के संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### ईवीएम-वीवीपैट का हुआ फर्स्ट रैन्डमाइजेशन



**रांची (प्रातः आवाज)।** लोकसभा चुनाव को लेकर ईएमएस पर सोमवार को ईवीएम-वीवीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम-वीवीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची एवं कांके विधानसभा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ विधानसभा एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर विधानभा क्षेत्र के ईवीएम-वीपीपैट का रैन्डमाइजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का रैन्डमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू कहां भेजा जाना है।

### युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति ने 151 महावीरी पताका का किया वितरण



**रांची (प्रातः आवाज)।** युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) ने रामनवमी के उपलक्ष्य में विभिन्न श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीरी पताका का वितरण किया। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में आज 15 अप्रैल, सोमवार को सप्तमी के अवसर पर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के पास अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में महावीर पताका लोगों के बीच वितरण किया गया। शाम पांच बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न इलाकों के श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीरी पताका का वितरण किया गया। पताका वितरण कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल, विक्की कुमार, राजू कठपाल, बासु बेरा, रवि सिंह, विवेक कुमार, जिम्मी गुप्ता, मुकेश नायक, अनमोल सिंह, अरविंद कुमार, आलोक कुमार सिंह, शिल्पी कुमारी वर्मा, विनीता कुमारी, अमित रॉय, मंजुला बेरा, वीणा श्री, छाया वर्मा, रीता सेन, ममता वर्मा एवं सुनीता मेहता शामिल हुए।

### सेल रांची की इकाईयों ने डॉ. अंबेडकर जयंती मनाई




**रांची (प्रातः आवाज)।** डॉ. भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती सेल, सैटेलाइट टाउनशिप में सेल की सभी छह रांची इकाइयों की भागीदारी के साथ सच्चे राष्ट्रवादी उत्साह के साथ मनाई गई। समारोह में आशीष चक्रवर्ती, ईडी (एचआरडी और एसएसओ), एसके वर्मा, ईडी (सीईटी); एसके कर, ईडी (आरडीसीआईएस) और सेल, रांची के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सभा के प्रारंभ में एस जाचुक, सीजीएम (पीएंडए) ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों का स्वागत किया। इसके बाद जे. हेमरोम ने उपस्थित लोगों को डॉ. बीआर अंबेडकर के जीवन और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। सेल, रांची के सभी कार्यपालक निदेशकों ने डॉ. अंबेडकर के देश के प्रति योगदान की सराहना की और उपस्थित लोगों से डॉ. अंबेडकर के महान चरित्र के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया। धन्यवाद ज्ञापन जय प्रकाश द्वारा किया गया। समारोह का संचालन सुश्री सुलोचना टोप्पो ने किया।

### कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा की जमानत याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज की

**रांची (प्रातः आवाज)।** खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा को झारखंड हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने मुंडा की क्रिमिनल अपील पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने जुनास मुंडा की जमानत याचिका खारिज कर दी। खूंटी के सिविल कोर्ट ने 17 मई 2019 को मुंडा को गैंगरेप मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। गैंगरेप का यह मामला जून 2018 का है। आदिवासियों का पत्थलगड़ी आंदोलन चल रहा था। उस समय एक एनजीओ से जुड़ी पांच महिलाएं कोचांग गांव में जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक करने गई थीं। उस दौरान उन्हें अगवा कर गैंगरेप किया गया था। निचली अदालत ने फादर अल्फांसो को घटना का साजिशकर्ता माना था। इस मामले में फादर अल्फांसो के अतिरिक्त जॉन जोनस टुडू, बलराम समद, बाजी समद उर्फ टकला, जोनास मुंडा, अजूब सांडी पूर्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

# मोदी की गारंटी पर देश की जनता को है पूरा भरोसा : बाबूलाल मरांडी

- झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया सेंटर का किया उद्घाटन

प्रातः आवाज






**रांची।** झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हरमू रोड स्थित मारू टावर में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही सभी ने भरोसा जताया कि भाजपा के संकल्प-मोदी की गारंटी पर झारखंड के लोग भी चुनाव में भरोसा जतायेंगे।

इस दौरान पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की जनता स्वीकार करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। बात यहां विश्वसनीयता की है। मोदी ने जो कहा, सो किया। देश में विपक्षी पार्टियां पूरी तरह अविश्वसनीय हो चुकी हैं, मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो गया है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया, जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। यह अपने आप में बड़ी बात है।

### भाजपा के संकल्प पत्र में इस बार 15 लाख लोगों के सुझाव को समाहित किया गया है : प्रदेश प्रभारी

प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में इस बार 15 लाख लोगों के सुझाव को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कार्यपद्धति रही है कि वे जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं, इसलिए भाजपा द्वारा प्रकाशित संकल्प पत्र का नाम मोदी की गारंटी रखा गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश में कोई भी भूखा नहीं सोयेगा, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ा। पैसे के अभाव में इससे इलाज अब नहीं रुकता। इसे और विस्तार देते हुए प्रधानमंत्री ने 70 साल पूरा करने वाले या इससे अधिक के सभी वर्ग के लोगों को भी इसका लाभ देने की बात की है। बीमार होने के बाद उनका इलाज नहीं हो पाता था, उन्हें भी लाभ मिलेगा। 10 वर्ष में चार करोड़ से अधिक आवास दिया। आने वाले समय में और तीन करोड़ लोगों को आवास सरकार देगी। इस तरह से सबको अपना घर देने की तैयारी है। फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की तैयारी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। श्री अन्न योजना, सहकारिता नीति लायेंगे। स्वनिधि स्कीम से गांवों में 50 हजार का कर्ज मिलेगा।

मरांडी ने कहा कि देश में जनजातीय वर्ष मनाया जायेगा। इसके जरिये हमारे जनजातीय समाज से जुड़े नायकों, महापुरुषों को और सम्मान मिलेगा। देश में तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाया जाना है। 5000 किमी रेल पटरियां बिछायी जा रही हैं। पिछले 10 वर्षों में देश में रेल, हवाई सेवा, सड़क निर्माण कार्यों का विस्तार हुआ है। दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास में प्राथमिकता मिलेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन प्लान भी महत्वपूर्ण है। मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जा रहा है।

मोहनपुर गांव में सांसद गीता कोड़ा पर हमला मामले के सवाल पर मरांडी ने कहा कि यह झामुमो नेताओं की हताशा है। उन्होंने हार मान ली है इसलिए हमारे उम्मीदवारों को जगह-जगह रोक रहे हैं। झारखंड की जनता इन्हें समझ चुकी है, इसलिए वे अब हताशा में ऐसा कर रहे हैं। वहां का वीडियो देखने से पता लग जायेगा कि झामुमो वाले इस मामले में कितना झूठ बोल रहे हैं।

# रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में ड्रोन से मकानों की छत का किया गया निरीक्षण

प्रातः आवाज



रांची। राजधानी रांची में रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में नजर आ रही है। इसी क्रम में रामनवमी पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग में स्थित शहर के सभी मकानों की छतों का सोमवार को ड्रोन से निरीक्षण किया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में हिंदपीढ़ी और डेली मार्केट थाना क्षेत्र में ड्रोन से छत का निरीक्षण किया गया।

जुलूस में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन की ओर से सभी सावधानी बरती जा रही है। जुलूस के दौरान पत्थरबाजी न हो, इसे लेकर जुलूस मार्ग के सभी मकानों की जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से जांच की जा रही है। जांच के दौरान आठ मकानों की छत पर ईंट और पत्थर मिला, जिसे हटाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उनसे बॉन्ड भी भरवाया गया है। इसके अलावा जुलूस मार्ग और विभिन्न चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए स्थानों का चयन किया गया है।

डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि रामनवमी जुलूस पर निगरानी रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अस्थायी सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। सभी कैमरों की मॉनिटरिंग कचहरी स्थित कंट्रोल रूम से की जायेगी। सीसीटीवी के जरिये जुलूस पर कड़ी नजर रखी जायेगी। किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जायेगा। सीसीटीवी के जरिये चिह्नित कर उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

### गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की कैद एक लाख का जुर्माना

रांची (प्रातः आवाज)। एनडीपीएस मामले के स्पेशल जज दिवाकर पांडेय की अदालत ने सोमवार को गांजा तस्करी मामले के आरोपित सन्नी वर्मा को दोषी पाते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सन्नी वर्मा को सुखदेवनगर थाने की पुलिस टीम ने 14 जून 2018 को गांजा की तस्करी करते पकड़ा था। पुलिस ने उसके पास से एक किलो 75 ग्राम गांजा बरामद किया था। मामले में सुखदेव नगर थाना में सन्नी के खिलाफ खुफिया अधिकारी राहुल कुमार त्रिपाठी ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले की सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक बशिष्ट प्रसाद ने अदालत से कहा कि आरोपित के अपराध की गंभीरता और समाज पर इसके पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस मामले में जांच अधिकारी सहित आठ गवाहों की गवाही दर्ज कराई गई थी।

### न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा नेता परेशान : राजद

**रांची (प्रातः आवाज)।** प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा हैरान और परेशान है। इसलिए भाजपा नेताओं की ओर से उलूल -जलूल बयान बाजी की जा रही है। अभी से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। भाजपा समझ रही है कि इस रैली के दिन से ही भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। इस रैली में देश के सभी बड़े नेता आईएनडीआईए गठबंधन के तहत शामिल होंगे। उन्होंने सोमवार को कहा कि इस रैली में महागठबंधन के नेता और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। डॉ मनोज ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र केवल लोक लुभावना वाला घोषणा पत्र है। देश की जनता जान चुकी है कि भाजपा को झूठे वादे करने और झूठे सपने दिखाने की जुमला है।

### रामनवमी को लेकर 17 अप्रैल को रहेगी शराब दुकान बंद

**खूंटी (प्रातः आवाज)।** झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली, 2022 के नियम 14 एवं प्रदत अनुज्ञप्ति के कंडिका 11 तथा उपायुक्त के निर्देश पर खुदरा उत्पाद दुकानें / सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियां, रामनवमी (17 अप्रैल 2024), के अवसर पर बंद रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि आदेश के उल्लंघन करने पर दोषी के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। आमजनों को सूचित किया जाता है कि बिना आधिकारिक पुष्टी के किसी भी प्रकार के डरावने/झूठे/भ्रामक व्हाट्सएप्प मैसेज को आगे ना भेजें। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई कर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लोस चुनाव एवं गांडेय विस उपचुनाव को लेकर भाजपा-आजसू में बनी रणनीति



प्रातः आवाज

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच सोमवार को महतो के कांके रोड स्थित आवास पर लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनावों के सभी पहलु पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए। चर्चा के दौरान सहमति बनी कि चुनावों को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा। साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी। सभी बातों को केंद्र में रखकर दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करना ही मूल लक्ष्य है।

# रांची में रामनवमी को लेकर 16 से 18 अप्रैल तक बदली ट्रैफिक व्यवस्था

प्रातः आवाज

**रांची।** रामनवमी को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसे लेकर रांची ट्रैफिक एसपी ने रविवार रात सूचना जारी की है, जिसमें 16 अप्रैल को रामनवमी को लेकर अखाड़ों से संध्या में झांकी निकलने, 17 अप्रैल को रामनवमी की मुख्य शोभा यात्रा जुलूस और 18 अप्रैल को चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन कार्यक्रम भी निर्धारित है। इसे लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

**16 अप्रैल की ट्रैफिक व्यवस्था :** मंगलवार को शाम चार बजे से 17 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। वहीं किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

**17 अप्रैल के लिए ट्रैफिक व्यवस्था :** 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 18 अप्रैल के सुबह चार बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गों में दोपहर एक बजे से जुलूस समाप्ति तक बदले गए हैं।

**18 अप्रैल के लिए ट्रैफिक व्यवस्था :** 18 अप्रैल को सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे।

### 17 अप्रैल के लिए ट्रैफिक व्यवस्था

किशोरी यादव चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार महाबीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। -सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे एवं उसी जगह से अन्य मार्गों पर परिचालित होंगे। -जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। -पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -पुरुलिया रोड से सर्जना चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -एसएन गांगुली रोड,विष्णु गली, बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -उल हाउस के पास मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -कर्बला चौक से रतन पीपी आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -चुटिया बाजार रोड में दोनों तरफ से वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -राजेन्द्र चौक से ओवरब्रिज, सुजाता चौक की ओर सभी प्रकार के सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। -पिस्का मोड़ से रातू रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक, लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा

# शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

प्रातः आवाज




**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की आगामी भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी के अन्य कार्यकताओं से जुड़कर घर-घर जाने का काम करें एवं मतदाताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुये पार्टी के पक्ष में मतदान का आग्रह करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पन्ना प्रमुख अपने पन्ना अंतर्गत आने वाले 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनमें से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी सभी से स्थानीय स्तर पर संपर्क संवाद बढ़ाने की बात कही एवं तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी को अपना योगदान देने की बात कही।

### सभी बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी स्थानीय कार्यकताओं की : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोर्चा की ओर से बनाए गए लोकसभा के प्रभारी सभी विधानसभा में मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक करने, गावों में किसानों के साथ बैठक करने, लाभार्थियों के साथ बैठक कर उनके लिए मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताने की बात कही। उन्होंने सभी को प्रभावी किसानों की सूची बनाकर उनका सम्मेलन एवं किसान सभा आयोजित कर मोदी सरकार की देशहित एवं जनहित में किये गये कार्यों को बताने का टास्क दिया। साथ ही उन्होंने मोर्चा के कार्यकताओं से मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर भी सहयोग करने की बात कही।

प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने सभी लोकसभा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास में लग जाने की बात कही एवं संगठन के निर्देशानुसार विधानसभा, मंडल एवं बूथ स्तर पर सभी से अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं से स्थानीय स्तर पर भी सहयोग कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान की बात कही।

लोकसभा चुनाव : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कैंपस अंबेसडर के साथ की बैठक, कहा

# जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को करें प्रेरित

- पलामू लोकसभा के मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज अंतिम दिन
- फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर (पलामू)** । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न विधानसभा में गठित कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक कर सभी से जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप सब कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स है। आपके कॉलेज में आपके जितने भी दोस्त 18 साल के ऊपर हैं उन सभी से आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई 18 वर्ष से ऊपर है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें फॉर्म 6 के जरिये अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करने की बात कही।




### निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न जानकारियों से कराया अवगत

बैठक में डीईओ श्री रंजन ने सभी कैंपस अंबेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न जानकारी एवं ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट, फॉर्म 6, चुनाव आयोग कैसे कार्य करता है से संबंधित विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वोट हमे समानता का अधिकार देता है, वोट देकर मन में आत्म संतुष्टि की भावना जागृत होती है। इससे हम किसी के सामने भी गर्व से कह सकते हैं कि सरकार गठन में हमारा भी मत है हमने भी मतदान किया है।आप अब अपने परिवारजनों,दोस्तों के बीच कुछ इसी प्रकार का संदेश लेकर जाये व उन्हें 13 और 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। मौके पर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी रश्मि रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम समेत अन्य मौजूद रहे।

# बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे बाबा साहब अंबेडकर : लवली गुप्ता



**मेदिनीनगर (पलामू)** । पांकी प्रखंड के मंगलपुर और तरहसी प्रखंड के ग्राम गरदू में बाबा साहेब के जन्मजयंती के अवसर पर रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद श्रीमती लवली गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया मौके पर जिला परिषद सदस्य सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा श्रीमती लवली गुप्ता ने बाबा भारत रत्न बाबा साहब के चित्र पर पर फूल माला अर्पित कर बाबासाहेब अमर रहे के जयघोष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर साहब भारत माता के माथे पर सुशोभित तिलक के समान है वे समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ ,अर्थशास्त्री, वकील, लेखक ,चिंतक दार्शनिक ,सांसद मंत्री व संविधान निमार्ता ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे।

कार्यक्रम को मध्य बाकी जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी सहित कई वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया मौके पर समाजसेवी उपेंद्र गुप्ता ,अनूप गुप्ता,संतोष राम ,उपेंद्र राम ,सुरेंद्र यादव, पवन कुमार , सोनू राम विनोद राम ,वीरेंद्र राना, गीता देवी, प्रभु राम ,दिनेश राम , निशांत भास्कर, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, सहित सैकड़ों के संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूरे देश के सहारा इंडिया के निवेशकों को निपु सिंह से उम्मीद



**मेदिनीनगर (पलामू)** । देश के एकमात्र व्यक्ति सह राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी से रांची लोकसभा प्रत्याशी निपु सिंह इकलौते ऐसे सख्त हैं जो निवेशकों को सहारा इंडिया में फंसे पैसे को दिलवाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। आपको बताते चले की रांची जिले के जाने-माने समाजसेवी और रांची लोकसभा प्रत्याशी निपु सिंह गरीबों का मसीहा कहे जाते हैं और जब से सहारा इंडिया पैसा देना बंद किया है तब से वह गरीबों के हक के लिए लड़ाई लड़.रहे हैं और पत्रकारों से बातचीत पर श्री सिंह ने कहा है कि जब तक देश के सभी गरीबों को पैसा सहारा इंडिया या सरकार नहीं देती है तब तक मेरी लड़ाई जारी रहेगा और कहा कि सहारा का मालिक सुब्रत राय का निधन हो गया है लेकिन वह अपना संपत्ति और पैसा लेकर नहीं गए हैं वह अपना सभी संपत्ति छोड़कर गए है। सरकार जल्द से जल्द इस पर विचार कर सभी निवेशकों को पैसा लौटाए यह न सोचे की पैसा नहीं देंगे उसके लिए मुझे जान भी देना पड़े तो देंगे और सरकार को हर हाल में झुकाएंगे और पैसा दिलवाकर रहेंगे ।

### सैकड़ों विद्यार्थियों ने पहले मतदान फिर जलपान की ली शपथ



**मेदिनीनगर** । जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, मेदिनीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ (कैप्टन) सुरेन्द्र कुमार पांडेय एंव संचालन अध्यापक कमलेश कुमार पाण्डेय ने किया। विषय प्रवेश एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी जय प्रकाश राम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ कमल चंद्र झा उपस्थित रहे ।इस विचार गोष्ठी में डॉ एके वैद्य, डॉ अजीत सेठ, डॉ शांति हास्सा, डॉ रश्मि मुंडा, डॉ स्विटी बाला, प्रो रविरौशन मिंज,डॉ किरण कुमारी ने चुनाव के लोकतंत्र में भूमिका पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से आह्वान किया की आप स्वयं भी और परिजनों और आस पड़ोस के लोगों को भी जलपान से पहले मतदान करने को प्रेरित करें । प्रो . बर्नाड टोप्पो ने नागपुरी गीत के द्वारा चुनाव के महत्व को बताया। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश राम ने विद्यार्थियों को मतदान में भाग लेने और मतदान करने की शपथ दिलाई जिसे सैकड़ों विद्यार्थियों ने शपथ पूर्वक मतदान में भाग लेने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक करण थापा ने किया। मौके पर प्राध्यापक शशांक प्रिय, प्रधान सहायक संतोष कुमार दुबे समेत सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**मतदान और सही चुनाव ही भारत को शिखर तक पहुंचाएगा : झा**

मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के कुलानुशासक डॉ केसी झा ने कहा की मतदान हमारा अधिकार है मतदान से पहले अपने प्रत्याशी को जांच-परख कर वोट दें एंव जाति-धर्म से ऊपर रोजगार, विकास, उच्च शिक्षा के लिए विजन रखने वाले प्रत्याशी को चुनें ।

**लोकतंत्र का महा पर्व है चुनाव : पांडेय**

उक्त अवसर पर प्र० प्राचार्य डॉ एस के पांडेय ने कहा की लोकतंत्र का महापर्व है चुनाव और युवाओं की भूमिका इसमें सबसे महत्वपूर्ण है आप सभी मतदान करें और समाज को करने के लिए जागरूक करें।

# बाबा साहब अंबेडकर भारतीय समाज के प्रेरणा स्त्रोत थे : केडी झा

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर (पलामू)** । 'मैंने देखा अंबेडकर जयंती के पूर्व संध्या पर एक कैंडल मार्च निकाला गया था। मैं सोचने लगा कि कैंडल मार्च क्यों, जिसने दुनिया में ज्ञान की मशाल जलाई और एक वैचारिक क्रांति लाई, जो पूरे देश को पाट दिया। उस महान व्यक्ति के लिए मशाल जुलूस निकालनी चाहिए थी। दलित पिछड़ों और महिलाओं की जो आवाज बने उनके लिए मार्च क्यों, माशाल जुलूस निकालनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर भारतीय समाज की प्रेरणा स्त्रोत थे। जो प्रेरक होता है वह नायक होता है। उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 39 वीं कड़ी में बाबा साहब अंबेडकर जयंती के मौके पर 'भारत में बाबा साहब अंबेडकर ' विषय पर आयोजित परिचर्चा के दौरान व्याख्याता केडी झा ने कही।



परिचर्चा की कड़ी को आगे बढ़ते हुए गोविंद प्रसाद ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन के संघर्षों की चर्चा की। शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को सिर्फ दलितों का नेता कहना सही नहीं है। बाबा साहब भारत के नेता थे। उन्हें बिड़ला समूह के द्वारा 1950 के करीब 15 लाख रुपए समुदाय के विकास के लिए देने की बात कही।

उन्होंने कहा मैं खुद को बेचने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं। गौतम कुमार ने कहा कि समाज में बाबा साहब को मानने वाले की चार श्रेणियां है। पहली श्रेणी के लोग बाबा साहब को दलित और निम्न जातियों का नेता मानते हैं। दूसरे श्रेणी के लोग बाबा साहब का मार्केटिंग करते हैं। तीसरी श्रेणी के लोग बाबा साहब को मानते हैं, अपने घर में फोटो भी रखते हैं, लेकिन उन्हें भगवान बनाने की कोशिश में लगे हैं, जो काफी खतरनाक है। चौथी श्रेणी के वे लोग हैं जो बाबा साहब को सीमित करना चाहते हैं। ललन प्रजापति ने कहा कि जब तक समाज में वर्ण व्यवस्था रहेगी और ब्राह्मणवाद रहेगा तब तक बाबा साहब अंबेडकर के विचार प्रासंगिक रहेंगे। कुलदीप राम ने कहा कि जब लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है तो हम बाबा साहब को याद करते हैं। जब सामाजिक ताने-बाने में कमजोरी आती है तो हम बाबा साहब को याद करते हैं। क्योंकि उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं। अच्छे लाल प्रजापति ने कहा कि बाबा साहब का जीवन अपने आप में एक मोटिवेशनल बुक है। उनका व्यक्तित्व समाज के सभी वर्गों को प्रेरणा देती है। अनुभव मिश्रा ने कहा कि लोग कहते हैं बाबा साहब अंबेडकर बहुत बड़े-बड़े विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और अपने व्यक्तित्व को विकसित किया था।

# 1100 कर्मियों को मिला तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर (पलामू)** । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन के आदेश व प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देश पर गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में दो पालियों में 1100 कर्मियों को तृतीय मतदान पदाधिकारी का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तृतीय मतदान पदाधिकारी के कार्य व दायित्वों के साथ मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई।



जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम व सहायक सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन करते हुए कहा कि तृतीय मतदान पदाधिकारी सीयू का बैलेट बटन दबाकर मतदाता को वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में वोट के लिए भेजते हैं। इसलिए उन्हें बहुत सजग व सावधान होकर कार्य करना है। ऐसे में यह प्रशिक्षण उपयोगी व अनिवार्य है। सदर एलआरडीसी प्यारे लाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया।

वहीं गौतम कुमार, खिरोधर रविदास, जितेन्द्र कुमार सिंह, विकास सिंह, सत्येन्द्र कुमार, दिनेशचंद्र पासवान, अनिश कुमार सिंह, आशीष रंजन, नितेश कुमार, यमुना पंडा, संजय राम, कुंदन कुमार रंजन, अमर नोनिया, गौरव कुमार, मनोज कुमार अंबेडकर, सुमंत सिंह, बिजेंद्र कुमार, अमरकांत कुमार,भरत सिंह, अजय सिंह, दीपक प्रकाश पाण्डेय, दूधनाथ साहू, निखिल कुमार सिंह, निशिकांत नीरव, निक्सन कुमार, सुनील कुमार सिंह, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, रणविजय ठाकुर, धर्मराज मिश्र, छठी राम, रामदेव विश्वकर्मा, अर्जुन राम , विजय कुमार, निरंजन कुमार दूबे, रवि कुमार, महताब खान, सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, क्यूम अंसारी, अशोक कुमार, लालकृष्ण भारद्वाज, विष्णुदेव महतो, देवेश पाण्डेय व आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षकों ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया।

### कुटमू में पनशाला का जीप सदस्य ने किया उद्घाटन



**बेतला** । बरवाडीह प्रखंड के कुटमू चौक अंतर्गत यात्री शेड के समीप हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बढ़ती गर्मी को देखते हुए युवा समाजसेवी दीपक गुप्ता के द्वारा अपनी दादी स्वर्गीय गिरजा देवी की स्मृति में राहगीरों के लिए पनशाला की शुरूआत की गई जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर के फीता काट कर किया गया ।पनशाला की शुरूआत को लेकर जिला परिषद सदस्य ने कहाँ की युवा समाजसेवी दीपक गुप्ता और दादा जी ललन प्रसाद के द्वारा कई वर्ष से मानव जीवन की सबसे बड़ी सेवा जरूरतमदो को पानी पीला कर की जा रही है जो हम भी के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, रुपाली सिंह सुनील कुमार सिंह, जय प्रकाश रजक ,ओम प्रकाश गुप्ता, अखलेश विश्वकर्मा, मनोज ठाकुर, विनोद सिंह समेत काफी सख्या में लोग मौजूद थे।

# दिव्यांगजनों को मतदान करने में मदद करेगी सक्षम एप

- दिव्यांगजनों हेतु विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के निमित विकसित किया गया सक्षम ऐप

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर (पलामू)** । दिव्यांगजन भी आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान कर सकें इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग अथक प्रयास कर रही है। मतदान करने हेतु दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सक्षम ऐप विकसित किया गया है। सक्षम ऐप दिव्यांगजनों को मतदान के लिए पंजीकरण करने,अपना मतदान केंद्र को खोजने और वोट डालने में मदद करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करेगी।



उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने कहा कि पलामू लोकसभा के दिव्यांग मतदाता सक्षम ऐप का इस्तेमाल कर आसानी से मतदान कर सकेंगे। यह ऐप विशेष रूप से दिव्यांग जनों के लिए विकसित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग हर संभव प्रयास कर रही है कि दिव्यांगों को मतदान करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। देश का हर दिव्यांग नागरिक भी अपने-अपने बूथों पर जाकर आसानी से मतदान कर सकें और देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सक्षम ऐप को गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

# पुश्तैनी जमीन बेचे जाने से नाराज बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

**पलामू।** पुश्तैनी जमीन बेचे जाने से नाराज एक बेटी ने अपने पिता की जान ले ली। पंखे के रॉड से पिता की जमकर पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकलदीपा पंचायत के चांपी गांव की है। पुलिस के अनुसार कृष्णा भुइयां की हत्या उसके मंझले बेटे रिकेश भुइयां (21) ने पंखे के रॉड से मारकर कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस अवर निरीक्षक अनूप टोपनो को सशस्त्र बल के साथ मौके पर भेजा गया। सत्यापन के क्रम में यह बात सामने आई कि रिकेश भुइयां द्वारा ही अपने पिता की हत्या कर दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों को सौंप दिया गया।

### अंत्योदय व एकात्म मानववाद को तिलांजलि देकर भाजपा ने मनुवाद, मनीवाद व मोदीवाद के पूजारी वीडी राम को प्रत्याशी बनाया है: शत्रुघ्न कुमार शत्रु



**पलामू** : झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा है कि अन्त्योदय व एकात्म मानववाद को तिलांजलि देकर भाजपा ने मनुवाद, मनीवाद व मोदीवाद के भ्रष्ट पूजारी श्री बी०डी०राम को तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर पलामू की जनता का अपमान किया है,जिसका खामियाजा इस बार भूगतान होगा। प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के वर्तमान सांसद व भाजपा द्वारा घोषित बाहरी प्रत्याशी श्री बी०डी०राम को नामांकन से पूर्व पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में खर्च किए गए 50 करोड़ रुपए से ज्यादा सांसद निधि का हिसाब उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ संसदीय क्षेत्र की जनता को शीघ्र देना चाहिए। प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि इलेक्टोरल बॉण्ड घोटाले के माध्यम से दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी बन चुकी भाजपा अब अपने सिद्धांतकारों पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माला व विचारों पर ताला के लिए जानी जा रही है। गौरतलब है कि उपाध्याय जी ने जहां समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय को लक्ष्य कर अन्त्योदय की परिकल्पना की थी,वहीं मुखर्जी साहब ने एकात्म मानववाद को परिभाषित किया था।आज इसके ठीक विपरीत जाकर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दलित समाज के अंतिम व्यक्ति को दरकिनार कर सबसे भ्रष्ट व्यक्ति जिसका भरोसा रतिभर भी एकात्म मानववाद में नहीं बल्कि एकात्म मनुवाद, मनीवाद व मोदीवाद में है,वैसे बी०डी०राम को तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर जनता के जले पर नमक छिड़कने का कार्य की है,जिसका नकारात्मक रुझान आना शुरू हो गया है। वार्ता के अंत में उन्होंने कहा है कि उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के निर्देश के आलोक में पिछले 8 अप्रैल को सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत हमने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू को पिछले 2019 में लोकसभा के आम निर्वाचन के नामांकन पत्र में श्री बी०डी०राम द्वारा संलग्न जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति तत्काल उपलब्ध कराने का आवेदन दिया है,जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध होने के बाद ही झारखण्ड उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर दी जाएगी।

# प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल ने मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का किया आयोजन

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के अनुमंडलीय मैदान के समीप विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवास के बगल में प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल ने मेगा नि:शुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया, जिसमें ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों के द्वारा लगभग ढाई सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उन्हें उचित परामर्श दिया गया। प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल द्वारा मेगा नि:शुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन रविवार को सुबह 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया गया था, जिसमें रांची के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट, मूत्र, किडनी व लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचित्रा, जनरल फिजिशियन डॉ. सुबेश देव एवं ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. गोपाल कुमार की टीम ने हुसैनाबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों से आए हुए विभिन्न रोगों से पीड़ित लगभग ढाई सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की एवं उन्हें उचित परामर्श दिया। मौके पर प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल के निदेशक शत्रुध्न कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने बताया कि क्षेत्रवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना, प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल का मुख्य उद्देश्य है। आगे उन्होंने कहा कि प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल समय-समय पर मेगा नि:शुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन कर मरीजों को सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करता रहता है। प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल द्वारा मेगा नि:शुल्क हेल्थ चेकअप शिविर को सफल बनाने में नवीन सिंह, पंकज कुमार सिंह, अशोक सिंह, रोशन सिंह, बबलू सिंह, तेजू सिंह, नीतीश कुमार, नितेश सिंह, डॉ. सचिन कुमार के अलावा दर्जनों लोगों ने सक्रिय भूमिका अदा की।



# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती पर उनकी आदमकद प्रतिमा का किया गया अनावरण

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर (पलामू)।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जयंती पर विश्रामपुर प्रखण्ड के उसुर्ला ग्राम में बाबा साहब के आदमकद प्रतीमा का अनावरण किया गया।

जिसमें अतिथि के रुप में पार्षद चंचला देवी को बुलाया गया। चंचला देवी ने कहा हम सभी को बाबा साहेब के दिए हुए विचारों एवं मार्गो पर चलना होगा तभी हम और हमारा समाज सुरक्षित रहेगा। आज हम आप इस स्थान पर हैं इसमें बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान है। साथ में उपस्थित विजय चंद्रवंशी, कुमार गौरव, विश्वनाथ राम घुरा, विजय चौरसिया, जिलानी पेंटर एवं कमेटी के अजय कुमार, वार्ड परिषद अजय कुमार, शिक्षक संजय कुमार, सिपाही कमलेश राम, शिक्षक सूर्यनाथ राम, इंजीनियर जितेंद्र कुमार, विवेक कुमार, संतोष कुमार, मंजय कुमार, शिक्षक विनोद राम, उमाकांत कुमार, अशोक कुमार गौतम कुमार आदि उपस्थित थे।





### भाजपा संगठन लोहरदगा जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री ने जारी किया संकल्प पत्र

# भाजपा ने दस वर्षों में जितने भी संकल्प लिए थे उसको पूरा किया है : सुनिता सिंह

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा द्वारा नगर मंडल स्थित अटल भवन मेंआयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा संगठन लोहरदगा जिला प्रभारी सब प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह अपना घोषणा पत्र संकल्प पत्र के संबंध में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र आम लोगों के सुझाव से बनाया गया है। इसमें कुल 15 लाख सुझाव प्राप्त हुए उसमें से नमो एप एवं वीडियो के माध्यम से 10 लाख सुझाव प्राप्त हुए। भारतीय जनता पार्टी विगत 10 वर्षों में जितने भी संकल्प जनता के बीच लिए थे वह मोदी जी के नेतृत्व में पूरे किए हैं और यही कारण है कि मोदी जी की गारंटी यानी गारंटी की गारंटी हम सभी कहते हैं। जिस प्रकार से बड़े पैमाने पर आम गरीब जनता सभी वर्गों के उत्थान से संबंधित है बनाई गई योजनाएं एवं उस योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर हुए हैं। समाज में बैठे हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंची है।

युवाओं के लिए पेपर लीक की समस्या भविष्य के लिए एक बड़ी परेशानी का कारण बन गया है इसे देखते हुए भाजपा ने कहा है कि हमने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है अब हम इस कानून को सख्ती से लागू करके युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे। साथ युवाओं के लिए स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग विस्तार, स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन, मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसर अधिक अवसर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से रोजगार में अवसर,उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देगी।

वहीं किसानों के लिए 6000 प्रति वर्ष से सहायता प्रदान की है जिससे किसान मजबूत हुए हैं आने वाले दिनों में भी अन्य विश्व सुपर फूड के रूप में स्थापित किया जाएगा अनुसंधान और जागरूकता को भी बढ़ावा देगी सरकार, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत पर्याप्त भंडारण की क्षमता का विकास किया जाएगा। वहीं महिलाओं को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा। महिला उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। दिव्यांग और किन्नरों को योजनाओं में प्राथमिकता, आवास योजना की लक्ष्य बढ़ोत्तरी, महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किए जाएंगे। महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय का निर्माण और रखरखाव की सुविधा सरकार करेगी वहीं एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर इस समस्याओं का विशेष ध्यान देकर महिलाओं के स्वास्थ्य जीवन के लिए अधिक प्रयास एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता दूर किया जाएगा। रेल के क्षेत्र में भी कई प्रकार की सुविधाओं को और भी बढ़ाएगी कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार होगा टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्राथमिकता की ओर कार्य कर रही है विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण होगा नहीं रेल पुत्री का और भी बढ़ाएगी कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार होगा। वहीं विपक्ष के घोषणा पत्र केवल घोषणाओं तक सीमित रह जाती है इसका जीता जागता उदाहरण हमारा प्रदेश है जहां केवल जल जंगल जमीन के नाम पर राजनीति करने वाले लोग इस आम गरीब आदिवासी का जमीन छीनकर राज्य के मुख्यमंत्री ही जेल में कैद है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस एवं सोशल मीडिया प्रभारी सजल कुमार उपस्थित थे।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न



**लोहरदगा/भंडरा (प्रत: आवाज)।** जिले के भंडरा में चार दिवसीय लोक आस्था व सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ के चौथे और अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उल्लास के साथ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया गया। चैती छठ पूजा शुक्रवार को नहाय खाय के साथ प्रारम्भ हुआ था। शनिवार को खरना के पश्चात छठ व्रतियों का 36 घण्टे का निर्जला उपवास प्रारम्भ करने के बाद रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया वही सोमवार को पुनः उगते सूर्य को अर्ध्य साथ छठ महापर्व संपन्न हो गया। भंडरा के अखिलेश्वर तालाब छठ घाटों में महापर्व की धूम रही। श्रद्धालु उल्लास, उमंग के साथ छठ घाट पहुंचे जहां भगवान भास्कर और छठ मैया के जयकारों से पूरा वातावरण गुंज उठा।नये परिधानों, पूजन सामाग्री और सूप-दौरा के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं ने माहौल को भक्तिमय बना दिया था। भंडरा के प्रमुख छठ घाटों में रविवार अपराह्न चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। शहर से लेकर गांवों तक छठ पर्व को ले सनातन धर्मावलंबियों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर हर जगह सौहार्द व सहयोग की भावना समाज के अन्य समुदाय के लोगों ने भी दिखाई। जिले के विभिन्न स्थानों में भक्तिमय गीतों के स्वर से सारा शहर गूंजता रहा। भंडरा में छठ व्रतियों के लिए मुख्य रूप से स्थित छठ घाटों पर पूजा पाठ की व्यवस्था की गई थी।

### अंजुमन इस्लामिया के ईद मिलन समारोह में दिखा गंगा जमुनी तहजीब का नजारा

## सभी धर्मों के प्रति सम्मान व एकता का संदेश देता है ईद पर्व : अब्दुल

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की ओर से न्यू रोड स्थित होटल रॉयल ग्लैक्सी में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके जरिए प्रेम, भाईचारा और इंसानियत का पैगाम दिया गया। ईद मिलन समारोह में कांग्रेस के पूर्व विधायक सह प्रत्याशी सुखदेव भगत, आजसू के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह लोहरदगा जिला प्रभारी नीरू शांति भगत, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेता ओमप्रकाश सिंह, कांग्रेस के प्रदेश नेता डॉ अजय शाहदेव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव सहित सभी राजनैतिक दल, समाजसेवी एवं विभिन्न धर्मों के लोगों ने शिरकत की और गंगा जमुनी तहजीब को बल प्रदान किया। कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि यहां पर हर त्योहार पूरे भाईचारे के साथ मनाये जाते हैं। लोहरदगा में गंगा जमुनी तहजीव मिसाल है। उन्होंने कहा कि अपने देश की जो संस्कृति है, उसमें एक दूसरे की मदद करने के लिए सभी आगे रहते हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय वर्म्मन ने कहा कि त्योहार हमें आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देते हैं। कांग्रेस के प्रदेश नेता डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि ईश्वर को मानने के तरीके बेशक अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन ईश्वर और अल्लाह एक है। सेवानिवृत प्रो प्रमानन्द अग्रवाल ने कहा धर्म के नाम पर जो लोग समाज को बांटना चाहते हैं, वह चाहे किसी भी धर्म के हो उन्हें कतई जायज नहीं कहा जा सकता। मोहन दुबे ने कहा कि सभी को एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करने की आवश्यकता है। मौके पर सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि इस्लामी नजरिए से ईद उल फितर एक खुशियां बांटने का त्यौहार है। हमारे इस त्यौहार में सभी धर्म के सम्मान और एकता के संदेश दिए जाते हैं। कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया के नाजिम ए आला हाजी जब्बारूल अंसारी, पूर्व सदर हाजी शउद आलम, हाजी शकील अहमद, हाजी लुकमान अहमद, पूर्व सचिव इकबाल खलीफा, फिरोज अंसारी राही, हाजी मन्नान खान, हाजी नईम खान, गुलाम मुर्तजा खलीफा, वासिफ कय्यूम, झामुमो के यूसुफ अंसारी, कुणाल अभिषेक, अंजुमन इस्लामिया के मोजम्मिल अंसारी, मो. कैश, कैरो अंजुमन के सदर जमील अख्तर, नारी-नवाडीह के सदर रौनक इकबाल, भंडरा प्रखंड अंजुमन के सदर आफताब आलम, अंजुमन इस्लामिया के तमाम सदस्य सहित हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## श्रीराम के जन्म के समय अयोध्या में उत्सव का माहौल था, उसी तर्ज से रामनवमी का त्योहार मनाएं : उपायुक्त

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में रामनवमी- 2024 को लेकर आवश्यक बैठक जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों व शांति समिति सदस्यों के साथ जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति रामनवमी का त्यौहार बहुत धूमधाम से हम सभी मनाते आये हैं। इतनी भीड़ होने के बावजूद यह त्यौहार शांति से मनाया जाता रहा है। भगवान श्रीराम के जन्म के समय अयोध्या में एक अलग ही उत्सव का माहौल था जिसका वर्णन महर्षि वाल्मिकी द्वारा रचित रामायण और कवि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस में किया गया है। अगर उसी माहौल को अपनाया जाय तो यह त्यौहार काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। अक्सर रामनवमी के मौके पर डीजे का इस्तेमाल विभिन्न अखाड़ों द्वारा किया जाता रहा है लेकिन उसमें सावधानी यह बरती जानी चाहिए कि किसी के भावनाओं को आहत करनेवाला या उन्मादित करने का गाना उसमें ना बजाया जाय। किसी के द्वारा डीजे संचालक पर किसी विशेष गाना को बजाने के लिए दबाव ना बनाया जाय। किसी भी आशंका या असहजता की सूचना अपने संबंधित पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों को दी जाय ताकि ससमय कार्रवाई की जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### आपसी सहयोग से रामनवमी का त्यौहार होगा शांतिपूर्ण संपन्न: पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा थाना स्तर व जिला स्तरीय शांति समिति की बैठकों के कारण आपस में बातचीत का जो माहौल बना है वह संस्कृति बहुत ही अच्छी है। आपसी सहयोग से ही रामनवमी का यह त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण संपन्न होगा। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेवारी लें। शांतिदूतों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वॉलेंटियर्स में सभी समुदाय के लोग रहें तो यह और भी अच्छा होगा। लोकसभा आम निर्वाचन को देखते हुए अखाड़ा संचालकों को कई सावधानियां बरतनी होगी। लाइसेंसी अखाड़ा अपने निर्धारित रूट का पालन करेंगे। गैर-लाइसेंसी अखाड़ा संचालक लाइसेंस के लिए आवेदन दें और निर्धारित रूट की जानकारी थानों को दें।

### अखाड़ा संचालक अपने जुलूस के निर्धारित रूट का पालन अवश्य करें : उपविकास आयुक्त

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि अखाड़ा संचालक अपने जुलूस के निर्धारित रूट का पालन अवश्य करेंगे। दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मौजूद अवश्य रहेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। रामनवमी का त्यौहार हमारी संस्कृति का हिस्सा है। लोहरदगा जिला को उदाहरण के रूप में कायम करें। असामाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार की गड़बड़ी पर आप त्वरित सूचना प्रशासन को दें।

## ग्रुप ए के अंतिम मैच में देवघर ने कंबाइन जिला इलेवन को चार विकेट से हराया



प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित ग्रुप ए के अंतिम मैच में देवघर ने कंबाइन जिला 11 को चार विकेट से पराजित कर दिया। ज्ञात्व्य है की इस ग्रुप से धनबाद की टीम पहले ही सुपर लीग के लिए क्वालीफाई कर गई है।

स्थानीय बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट मैदान में टॉस जीतकर पहले खेलते हुए कंबाइंड जिला 11 की टीम 31.5 ओवर में 140 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से मोनिका सोरेन ने 33 रन गोल्डी ने 44 रन और प्रगति यादव ने 19 का योगदान दिया। देवघर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सोनिया कुमारी ने 27 रन देकर तीन विकेट तथा जयमाला कुमारी ने एक विकेट लिया।

जवाबी पारी खेलते हुए देवघर की टीम 25 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाकर मैच को चार विकेट से जीत लिया। देवघर की ओर से सुलेखा टुडू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 6 चौके तथा एक छक्के के साथ 65 रन का योगदान दिया। रेखा कुमारी ने 17 और पूर्णिमा कुमारी ने नाबाद 19 रन बनाया देवघर की ओर से गुरमन कौर गिल ने 33 रन देकर तीन विकेट लिया।

पुरस्कार वितरण समारोह में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेजर नियाज मलिक तथा स्कोरर दीपक कुमार ने देवघर के सुलेखा टुडू को 5000 का नगद पुरस्कार तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## अनिल टाना भगत ने गरीबों की आवाज बनकर क्षेत्र का विकास करने का लिया प्रण

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा का लाल एक ऐसे महान विकासशील पुरूष लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के जनता का हमदर्द गरीबों के मसीहा हरदिल अजीज झारखंड आंदोलनकारी नेता आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रहे पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जो विकास योजनाओं को मूर्त रूप देने में विश्वास करते थे, यही वजह है कि आज भी उन्हें लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता अपने दिलों में मरनोपरांण जिंदा रखे हुए हैं। भले ही कमल किशोर भगत समय से पहले काल के गाल में समा गए हैं, लेकिन लोहरदगा की जनता उन्हें आज भी याद करके रो पड़ते हैं। दरअसल कमल किशोर भगत हर तबका का ख्याल रखते थे और उनके दुःख दर्द को बांटने का काम किया करते थे ऐसे में उनकी कमी निश्चित रूप से जनता को खलती है। अब बात करें उनकी विरासत और अधूरे सपनों को आगे ले जाने में किनकी जिम्मेदारी होगी तो यहां पर एक ऐसे शख्स की इंट्री हुई है जो पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा करने का बीड़ा उठाया है। बता दें कि वह शख्स कोई दूर का रिश्ता नहीं है बल्कि एक मां की कोंख से जन्मा कमल किशोर भगत का छोटा भाई समाजसेवी सह कार्यकर्ता अनिल टाना भगत हैं, जिन्होंने आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते थे। लेकिन अनिल टाना भगत का आईएएस अधिकारी बनने का सपना इस वजह से धरा का धरा रह गया चूंकि उनके आदर्श बड़े भाई झारखंड आंदोलनकारी नेता सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के विरासत और अधूरे सपनों को पूरा जो करना था। ऐसे में अनिल टाना भगत बड़े भाई ने जो सपना देखा था उसे आगे बढ़ाने और जनता को उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने को लेकर राजनीति में कदम रखा। इधर अनिल टाना भगत इन दिनों लगातार लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जनता से मुखातिब होते हुए अपने बड़े भाई झारखंड आंदोलनकारी नेता सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के आदर्शों पर चलकर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता को उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने हेतु रू-ब-रू होते हुए उनका हालचाल जानने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि बड़े भाई ने जनता से जो वादा किए थे उसे पूरा करने हेतु राजनीति में कदम रखा हूं, आप लोगों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो निश्चित रूप से आने वाले दिनों में आपकी समस्याओं को सूचीबद्ध कर निराकरण कराने का कार्य कर दिखाया जाएगा। मौके पर सुमन उरांव, दिलेश्वर कुजूर, अनीता उरांव, निशा उरांव, वीरेन्द्र उरांव, मोहन खेरवार, रानी उरांव, अनीता नगेसिया, सुखराम नगेसिया, बिफना नगेसिया सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पुरानी रंजिश में हुई महिला की निर्मम हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

### गन्ने के खेत में बेटी व मजदुरों के सामने अपराधियों ने दिया हत्या को अंजाम



प्रातः आवाज

**सेन्हा/लोहरदगा।** कुंदगड़ी भेसलेटा टांड़ के समीप गन्ने के खेत में घास निकाई के दौरान 50 वर्षीय महिला की हत्या अपराधियों ने कर दी। मामला की गुंथी सुलझाते पुलिस ने तीन आरोपी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी भेसलेटा टाड़ स्थित खेत में रविवार को कुंदगड़ी गांव निवासी स्व बिमला मांझी के 50 वर्षीय पत्नी कलावती देवी की गांव के ही तीन अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेत कर बेटी और मजदूरों के सामने हत्या कर दिया। घटना को लेकर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने हत्या कांड की गुत्थी को सुलझाते हुए तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर पूछ ताछ कर रही है। पुलिस की सक्रियता से 24 घंटा के अंदर तीनो को गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि मृतक महिला अर्जुन उरांव के खेत में मजदूरी के काम कर रही थीं तभी तीन अपराधी ने पूरानी आपसी रंजिश में हत्या रविवार को कर दिया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर ने कहा कि हत्या की तीनों अपराधी स्व सिद्धार्थ उरांव के पुत्र अशोक उरांव, स्व ताजे महतो के पुत्र काशी नाथ महतो एवं रामेशर मांझी के 30 वर्षीय पुत्र विनोद मांझी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीनों अपराधी को नियम संगत कारवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

## समाचार सार

### जिला प्रशासन की साईकिल रैली आज

**लोहरदगा (प्रत: आवाज)।** जिला प्रशासन, लोहरदगा की ओर से साईकिल रैली का आयोजन आज किया जाएगा। यह साईकिल रैली नदिया हिन्दू +2 उच्च विद्यालय, लोहरदगा से पूर्वाह्न 7 बजे प्रारंभ होगी जो मैना बगीचा, समाहरणालय, कचहरी, कारागार (जेल), परिसदन, रेलवे स्टेशन होते हुए पुनः नदिया हिन्दू +2 उच्च विद्यालय, लोहरदगा में संपन्न होगी। उक्त जानकारी सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

### सखी मंडल की दीदियों ने स्वीप आधारित मेहंदी लगाकर लोगों को किया जागरूक



**लोहरदगा (प्रत: आवाज)।** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश ( जेएसएलपीएस ) द्वारा दिनांक सोमवार को कुडू , भंडरा, किस्को एवं पेशरार प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सखी मंडल की दीदियो के द्वारा स्वीप विशेष बैठक आयोजित किया गया और दीदियों के द्वारा स्वीप बैनर तले, सपथ लेकर एवं सखी मंडल की की दीदियो द्वारा स्वीप आधारित मेहंदी अपने अपने हाथो पर बनाकर ग्रामीण लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

### भंडरा प्रखंड क्षेत्र में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**लोहरदगा (प्रत: आवाज)।** जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह,प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार के नेतृत्व में भंडरा से लेकर चट्टी तक फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्द तरीके से मनाये तथा रामनवमी के मौके पर जहां-जहां भी जुलूस या फिर शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है, वैसे क्षेत्र पर प्रशासन लगातार फ्लैग मार्च कर रही है तथा लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किए है।

### आईयूएमएल ने इंडिया गठबंधन के झामुमो और कांग्रेस को समर्थन पत्र सौंपा



**लोहरदगा (प्रत: आवाज)।** आईयूएमएल झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधि मंडल लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुर्शीद अंसारी के साथ इंडिया गठबंधन पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए समर्थन पत्र सौंपा। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग राष्ट्रीय कमेटी राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के साथ है इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड राज्य में पार्टी ने यह कदम उठाया है ताकि अल्पसंख्यक मतों का बंटवारा न हो सके और राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके। आईयूएमएल के सभी पदाधिकारी,सदस्य बूथ स्तर से लेकर नगर, जिला और राज्य स्तर के कार्यकर्तागण गठबंधन की जीत के लिए पूरी तरह सहयोग करेंगे। लोहरदगा जिला कमिटी उपाअध्यक्ष जिशान खान के सारे कार्यकताओं को यह निर्देश दे दिया गया है कि जन-जन तक यह प्रचार करना शुरू कर दे और मतदान कोई और जागरूक करें।

### आजसू पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता एनडीए की जीत सुनिश्चित करेगा : नीरू शांति भगत



**लोहरदगा (प्रत: आवाज)।** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय लोहरदगा में सदर प्रखंड लोहरदगा आजसू पार्टी के पदाधिकारियों की एक बैठक प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा जिला प्रभारी सह आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने प्रखंड पदाधिकारियों को कहां कि ग्राम कमेटी तक के एक-एक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और एनडीए की जीत लोहरदगा सीट पर सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा प्रखंड प्रभारी सह पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, केंद्रीय सचिव विश्वनाथ उरांव, जिला अल्पसंख्यक आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश उरांव, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मालती टोप्पो, सचिव हेमंती देवी, प्रखंड पदाधिकारी ब्रजेश महतो, राकेश कुमार नायक, महेंद्र उरांव, रुपेश मिश्रा, सामवीर भगत, चंद्रनाथ भगत, बानो उरांव, करमी भगत, युवा मोर्चा के सह संयोजक राहुल राजबाला, रजत तमेडा, राजेश मुंडा अंजलि उरांव, अंगद महतो, विजय महतो, आयुष मेहता, आकाश मेहता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नरेश साहू के हत्यारों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की नाकामी : विहिप



**लोहरदगा (प्रत: आवाज)।** सोमवार को सुभाष चौक पावरगंज में विहिप सदस्य स्व नरेश कुमार साहू उर्फ शिबू साहू के छायाचित्र पर लोहरदगा जिला विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर जिला के प्रबुद्धगणों के साथ साथ विहिप एवं बजरंग दल के सभी सदस्य उपस्थित होकर पुष्प अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। विगत 8 अप्रैल को शिबू साहू की अपराधियों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। मौके पर राम लखन, मनोज कुमार गुप्ता, सतीश पाण्डे, व अन्य शामिल थें।

## पवित्र नवरात्री के आठवें दिन होगी आदि शक्ति माँ दुर्गा के महागौरी स्वरूप की उपासना



**संजीव ठाकुर**

माँ दुर्गा का अष्टम रूप महागौरी हैं। महागौरी की चार भुजाएं हैं उनकी दायीं भुजा अभय मुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में त्रिशूल शोभता है। बायीं भुजा में डमरू डम डम बज रहा है और नीचे वाली भुजा से देवी गौरी भक्तों की प्रार्थना सुनकर वरदान देती हैं। जो स्त्री इस देवी की पूजा भक्ति भाव सहित करती हैं उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वयं करती हैं। कुंवारी लड़की मां की पूजा करती हैं तो उसे योग्य पति प्राप्त होता है। पुरूष जो देवी गौरी की पूजा करते हैं उनका जीवन सुखमय रहता है देवी उनके पापों को जला देती हैं और शुद्ध अंतःकरण देती हैं। मां अपने भक्तों को अक्षय आनंद और तेज प्रदान करती हैं। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है, इसलिए ये महागौरी कहलाती हैं। नवरात्रि के अष्टम दिन इनका पूजन किया जाता है। इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। माँ महागौरी की आराधना से किसी प्रकार के रूप और मनोवांछित फल प्राप्त किया जा सकता है। उजले वस्त्र धारण किये हुए महादेव को आनंद देवे वाली शुद्धता मूर्ती देवी महागौरी मंगलदायिनी हैं।

इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कून्द के फूल से की गयी है। इनका दाहिना ऊपरी हाथ में अभय मुद्रा में और निचले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। बांये ऊपर वाले हाथ में डमरू और बांया नीचे वाला हाथ वर की शान्त मुद्रा में है। पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि व्रियेअहं वरदं शम्भुं नान्यं देवं महेश्वरात। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार इन्होंने शिव के वरण के लिए कठोर तपस्या का संकल्प लिया था जिससे इनका शरीर काला पड़ गया था। इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जब शिव जी ने इनके शरीर को पवित्र गंगाजल से मलकर धोया तब वह विद्युत के समान अत्यन्त कांतिमान गौर हो गया, तभी से इनका नाम गौरी पड़ा।

महागौरी आदी शक्ति हैं इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाश-मान होता है इनकी शक्ति अमोघ फलदायिनी है। माँ महागौरी की अराधना से भक्तों को सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा देवी का भक्त जीवन में पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी बनता है।

दुर्गा सप्तशती में शुभ निशुम्भ से पराजित होकर गंगा के तट पर जिस देवी की प्रार्थना देवतागण कर रहे थे वह महागौरी हैं। देवी गौरी के अंश से ही कौशिकी का जन्म हुआ जिसने शुम्भ निशुम्भ के प्रकोप से देवताओं को मुक्त कराया। यह देवी गौरी शिव की पत्नी हैं यही शिवा और शाम्भवी के नाम से भी पूजित होती हैं।

माँ महागौरी पूजा विधि

नवरात्रे के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं।

**माँ महागौरी की कथा:** देवी पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी, एक बार भगवान भोलेनाथ ने पार्वती जी को देखकर कुछ कह देते हैं। जिससे देवी के मन का आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वषों तक कठोर तपस्या करने पर जब पार्वती नहीं आती तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुँचते हैं वहां पहुंचे तो वहां पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के सामन श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। एक कथा अनुसार भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए देवी ने कठोर तपस्या की थी जिससे इनका शरीर काला पड़ जाता है। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान इन्हें स्वीकार करते हैं और शिव जी इनके शरीर को गंगा-जल से धोते हैं तब देवी विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं तथा तभी से इनका नाम गौरी पड़ा। महागौरी जी से संबंधित एक अन्य कथा भी प्रचलित है इसके जिसके अनुसार, एक सिंह काफी भूखा था, वह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा जहां देवी उमा तपस्या कर रही होती हैं। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गयी परंतु वह देवी के तपस्या से उठने का इंतजार करते हुए वहीं बैठ गया। इस इंतजार में वह काफी कमज़ोर हो गया। देवी जब तप से उठी तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आती है, और माँ उसे अपना सवारी बना लेती हैं क्योंकि एक प्रकार से उसने भी तपस्या की थी। इसलिए देवी गौरी का वाहन बैल और सिंह दोनों ही हैं। देवी महागौरी का ध्यान, स्रोत पाठ और कवच का पाठ करने से 'सोमचक्र' जाग्रत होता है जिससे संकट से मुक्ति मिलती है और धन, सम्पत्ति और श्री की वृध्दि होती है। इनका वाहन वृषभ है।

**दुर्भाग्य नाशक उपाय:** महागौरी के स्वरूप को दूध से भरी कटोरी में विराजित कर चांदी का सिक्का चढ़ाएं। फिर सिक्के को धोकर हमेशा अपनी जेब में रखें इससे धन संबंधित संमस्या में कमी आएगी। पानी वाले नारियल को सिर से 11 बार घुमाकर बहते हुए जल में प्रवाहित करने से मनचाही इच्छाएं पूरी होंगी। पीपल के ग्यारह पत्ते लें। उन पर राम नाम लिखें पत्तों की माला बनाकर हनुमानजी को पहना दें। इससे सभी प्रकार की परेशानियां दूर होती हैं। किसी एक खाली या शांत कमरे में उत्तर की दिशा की ओर अपना मुंह करके पीले आसन पर बैठ जाएं। अपने सामने तेल के 9 दीपक जलाएं और ये साधनाकाल तक जलते रहने चाहिए। इन 9 दीपकों के सामने लाल चावल की एक ढेरी बनाकर उस पर एक श्रीयंत्र रख लें।

# हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी के शिल्पकारों की अमर गाथा



**विजय केसरी**

हजारीबाग की रामनवमी 106 वे वर्ष में प्रवेश कर गई है। आज हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल रामनवमी और वर्ल्ड फेमस रामनवमी के नाम से जानी जा रही है।? पूरे चैत्र मास तक चलने वाले इस महापर्व ने हजारीबाग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर लोकप्रिय बना दिया है।? हजारीबाग के रामनवमी जुलूस के जन्मदाता स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने सन् 1918 में अपने पांच साथियों के साथ पहला महावीरी झंडा निकाला था। उस समय गुरू सहाय ठाकुर की उम्र लगभग 24- 25 वर्ष की रही थी। वे भगवान राम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने चाहते थे। वे समाज में व्याप्त कुरीति को दूर करना चाहते थे। वे स्त्री शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। वे हिंदू समाज में नवजागरण लाना चाहते थे। इन्हीं पवित्र उद्देश्यों को लेकर गुरु सहाय ठाकुर ने भगवान राम के जन्मदिन पर जुलूस निकलने का संकल्प लिया था।

गुरु सहाय ठाकुर के उक्त संकल्प को पूरा करने के लिए प्रारंभ में हजारीबाग नगर के पांच विशिष्ट जन शामिल हुए थे। आगे चलकर ये पांच पांडव व पांच विशिष्ट जनों ने मिलकर जो कार्य किया, आज उसी का परिणाम है कि हजारीबाग की रामनवमी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रिय हो पाई है। हजारीबाग की रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी बनाने में गुरु सहाय ठाकुर के साथ उनके पांच सहयोगियों का नाम अंकित नहीं करता हूं, तब शायद रामनवमी जुलूस की गौरव गाथा अधूरी रह जाएगी।

1918 में पहला महावीरी झंडा के प्रणेता स्वर्गीय गुरू सहाय ठाकुर के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने वाले लोगों में स्वर्गीय हीरालाल महाजन, स्वर्गीय टीभर गोप, स्वर्गीय कन्हाई गोप, स्वर्गीय यदुनाथ बाबू , स्वर्गीय जटाधर बाबू शामिल थे। अगर गुरु साहब ठाकुर को अपने मित्रों का भरपूर सहयोग न मिला होता तब शायद आज रामनवमी की एक दूसरी तस्वीर ही हमारे सामने होती। शुरुआती रामनवमी जुलूस के साथी रहे हीरालाल महाजन हजारीबाग के जाने-माने एक व्यवसायी थे। व्यवसाय करते हुए हीरालाल महाजन समाज सेवा से भी जुटे रहे थे। हीरालाल महाजन की राम के प्रति बड़ी श्रद्धा रही थी। इनका आवास हजारीबाग नगर के मन रोड पर स्थित है। आज भी इनके वंशज व्यवसाय के अलावा नौकरी पेशा में जुड़ गए हैं । हीरालाल महाजन रामनवमी जुलूस को विस्तार देने में अपनी महती भूमिका अदा की थी। हजारीबाग के रामनवमी को और भी आकर्षित बनाने के लिए इन्होंने पहली बार रामनवमी के जुलूस में एक हाथी को शामिल किया था। हाथी को बहुत ही अच्छे ढंग से सजाया था। वे खुद हाथी पर बैठकर रामनवमी जुलूस के झंडों के साथ नगर का भ्रमण किए थे । यह एक अद्भुत जुलूस यात्रा थी। जिसे आज भी याद किया जाता है। हीरालाल महाजन एक संवेदनशील और मृदुभाषी व्यक्ति थे।? रामनवमी के अवसर पर ये फिर से युवा बन जाया करते थे। 1918 में जब पहली बार हजारीबाग में महावीरी झंडा जुलूस निकल गई थी, तब





उनकी उम्र 29 - 30 साल की थी। हीरालाल महाजन अब हमारे बीच नहीं रहे। इसके बावजूद उन्हें हर रामनवमी पर याद किया जाता है। यदुनाथ बाबू हजारीबाग नगर के जाने-माने एक वकील थे। आज भी उनके वंशज में कई लोग वकील हैं। कई लोग नौकरी पेशा से जुड़े हुए हैं। आज उनके नाम पर यादो बाबू चौक बहुत ही लोकप्रिय है । यदुनाथ बाबू अपने वकालत के पेशे के प्रति ईमानदार रहे थे। वे गुरु सहाय ठाकुर से बहुत नजदीकी रूप से जुड़े हुए थे। वे गुरू सहाय ठाकुर के मित्रों में एक थे । जब गुरु सहाय ठाकुर ने उन्हें भगवान राम के जन्मदिन पर जुलूस निकालने के बाद कही थी, तब उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया था। आज हजारीबाग में जो रामनवमी इतनी भव्य तरीके से मनाई जाती है । 36 घंटे तक जुलूस में शामिल लोगों के पैर लगातार थिरकते रहते हैं। जय श्री राम। जय श्री राम की जय घोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठता है। इस भव्यता को लाने में यदुनाथ बाबू के अवदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है।? यदुनाथ बाबू भी श्री राम के एक अन्यन भक्त थे। रामनवमी जुलूस की प्रस्तुति और बेहतर से बेहतर हो सके, इस निमित्त वे अपने महत्वपूर्ण सुझावों को रामनवमी समिति के साथियों से दिया करते थे।? आज उसी का परिणाम है कि रामनवमी का यह जुलूस इतना विस्तार पा सका है ।

टीभर गोप हजारीबाग के जाने-माने दूध के व्यवसायी थे। वे जाति से यदुवंशी थे। गायों की बहुत ही मन से सेवा किया करते थे। इनका पुश्तैनी मकान हजारीबाग नगर के ग्वाल टोली चौक पर स्थित है। आज इनके वंशज के कुछ लोग अपने पारंपरिक दूध का कारोबार करते हैं। शेष लोग व्यवसाय एवं अन्य पेशे से जुड़े हुए हैं। टीभर गोप हजारीबाग के एक प्रसिद्ध दूध व्यवसायी के तौर पर जाने जाते थे। वे न केवल अखाड़ा के पहलवान थे बल्कि भगवान राम और हनुमान के पक्के भक्त थे। समाज सेवा के प्रति उनकी तत्परता देखी जाती थी। वे समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। रामनवमी जुलूस के पहले सह यात्री थे । वे जब तक जीवित रहे थे, रामनवमी जुलूस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे थे। आज भी लोग टीभर गोप के लाठी भांजने की शैली को याद करते हैं। हजारीबाग की रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी में तब्दील करने में टीभर गोप की अवदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

जटाधर बाबू हजारीबाग के जाने-माने एक वकील थे। वे गुरु सहाय ठाकुर के अच्छे मित्र थे ।? वे दोनों बराबर कचहरी में मिला करते थे। दोनों के बीच काफी अच्छी मैत्री थी। जब गुरू सहाय ठाकुर ने चैत्र शुक्ल नवमी के दिन महावीरी झंडा निकालने का प्रस्ताव उनके समक्ष रखा था, तब जटाधर बाबू ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया था। जटाधर बाबू जब तक जीवित रहे थे, रामनवमी के जुलूस को विस्तार देने में कोई कमी नहीं की थी । वे हमेशा रामनवमी जुलूस को विस्तार देने के लिए रामनवमी समिति की बैठकों में भाग लेते रहे थे । वे जीवन के अंतिम क्षणों तक रामनवमी जुलूस के विस्तार से जुड़े रहे थे।

बसंती लाल जैन जो हजारीबाग बाडम बाजार के निवासी थे। वे व्यवसाय से जुड़े हुए थे । आज भी उनके परिवार के लोग व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। कुछ लोग नौकरी पेशे से भी जुड़ गए हैं। बसंती लाल जैन जाति से जैन जरूर थे, लेकिन भगवान राम के पक्के भक्त थे। बसंती लाल जैन चाहते भी चाहते थे कि हिंदू समाज में नवजागरण आए । सामाजिक कुरीतियों मिटे। घर-घर में राम के संदेश पहुंचे । बसंती लाल जैन बहुत छोटे ही उम्र में रामनवमी जुलूस से जुड़ चुके थे । वे एक कार्यकर्ता के रूप में गुरु सहाय ठाकुर, हीरालाल महाजन आदि के साथ जुलूस में शामिल रहते थे। बाद के दिनों में बसंती लाल जैन जुलूस को विस्तार देने में निरंतर लगे रहे थे।

स्वर्गीय बी.डी. जायसवाल हजारीबाग के जाने-माने व्यवसायी थे। इनका पूरा नाम विश्वेश्वर प्रसाद जायसवाल है । रामनवमी के जुलूस को आगे बढ़ाने में इनके महती योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। आज उनके वंशज व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। उनका पौत्र मनीष जायसवाल हजारीबाग सदर के विधायक है। वे भी रामनवमी के जुलूस को विस्तार देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं । बी.डी. जयसवाल रामनवमी महासमिति की हर बैठकों में अपनी माहिती भूमिका अदा करते रहे थे । जब तक जीवित रहे थे । रामनवमी के जुलूस में शामिल होते रहे थे ।

हजारीबाग नगर के राम नारायण प्रसाद अधिवक्ता जो हजारीबाग नगर पालिका के अध्यक्ष भी रह चुके थे । वे नगर के जाने-माने वकील के साथ वरिष्ठ समाजसेवी के रूप में भी अपनी पहचान बनाने में सफल रहे थे । उन्होंने रामनवमी जुलूस को विस्तार देने में महती योगदान दिया था ।

गुरू सहाय ठाकुर, हीरालाल महाजन, टीभर गोप , यदुनाथ बाबू, कन्हाई गोप, जटाधर बाबू के निधन के पूर्व ही उस कालखंड के नई युवा पीढ़ी सक्रिय हो गई थी। नई पीढ़ी के युवाओं के सामने आने से पुरानी पीढ़ी को उम्मीद जग गई थी कि ये नये लोग रामनवमी को विस्तार देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। रामनवमी जुलूस को विस्तार देने में राम नगीना सिंह, तिलकधारी राम, राय जागेश्वर प्रसाद चौधरी, हरिहर प्रसाद, सरजू प्रसाद क्रौंच, हरिहर प्रसाद जायसवाल, बृजलाल जैन, धरनीधर प्रसाद, मुखा लाल खंडेलवाल, बाल गोविंद गोप, मदनलाल शर्मा , जुगल गोप, राजकुमार गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, अटल बिहारी घोष, राम सिंहासन बाबू, करमचंद लाल, दशरथ महतो, धनेश्वर लाल मुनीम, नागेश्वर प्रसाद वकील, जगदीश प्रसाद वकील, सरजू राम वकील, लाल बिहारी लाल वकील, कालेश्वर प्रसाद वकील, हरिहर राम , ज्ञानी राम, रामेश्वर प्रसाद, राधा राम मोहित, मिल्खा सिंह, अंगद सिंह, डॉ जगन्नाथ प्रसाद, नत्थू लाल अग्रवाल, गुलाबचंद अग्रवाल, ईश्वर दयाल राणा, पूरणमल, गंगा सहाय सैनी, शिवलाल सेठी, कर्मवीर आदि ने रामनवमी जुलूस को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। आज ऐसे प्रतापी राम भक्तों की मेहनत से ही हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल रामनवमी में तब्दील हो पाई है।

# सौर कचरे से बढ़ती मुश्किलें



**विजय गर्ग**

बिजली की किल्लत से पार पाने के लिए अपनाए जा रहे मौजूदा सौर पैनलों को पच्चीस से तीस वर्ष तक चलने के लिए डिजाइन किया गया है, मगर मौसम की खराबी, दुर्घटनाओं या दूसरी वजहों से ये अनुमानित समय से पहले भी खराब हो सकते हैं। खराब सौर पैनल काम करना बंद करते ही पर्यावरण प्रदूषण की वजह बन जाते हैं। प्लास्टिक, वाहन, कारखानों और ई-कचरे के बाद पर्यावरण को प्रदूषित करने में सौर पैनलों की अहम भूमिका मानी जा रही है। गौरतलब है कि सौर पैनल में सिलिकान, कांच, एल्युमीनियम, सीसा, तांबा और कैडमियम का मिश्रण होता है, जो आसानी से पुनर्चक्रित नहीं होता। इसलिए अभी से इस पर गहन शोध और समझ बढ़ाने की जरूरत बताई जा रही है।

अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक बड़ी मात्रा में सौर पैनलों के उत्पादन और संस्थापन के चलते 2030 तक इससे निकलने वाले अपशिष्टों की अच्छी-खासी वृद्धि होगी, जिसके असर से पर्यावरणीय समस्याएं पैदा होने का अनुमान है। इसलिए ऐसे पैनल बनाने की जरूरत है, जो लंबे समय तक चल सकें यानी अपशिष्ट बनने की प्रक्रिया अत्यंत धीमी हो । शोध के अनुसार भारत का सौर कचरा 2030 तक छह सौ किलोटन हो जाने की उम्मीद है। यह मात्रा 2050 तक बत्तीस गुना बढ़ जाएगी, जिसकी वजह से तकरीबन उन्नीस हजार किलोटन संचयी कचरा निकलेगा। 2040 तक यह हिस्सेदारी बढ़कर 74 फीसद हो जाएगी, क्योंकि मौजूदा सोलर पैनल अपने जीवन के अंत तक पहुंच चुके हैं। इसी तरह 2050 तक पैदा होने वाले संचयी कचरे का 77 फीसद नई क्षमताओं की वजह से होगा।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और स्वतंत्र शोध संस्थान च्काउंसिल आन एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वाटरज (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक यह ओलंपिक आकार के 720 स्वीमिंग पूल (तरणताल) भरने के बराबर है। शोध की रपट के मुताबिक कचरे का 67 फीसद पांच राज्यों राजस्थान, गुजरात, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु से पैदा होगा। 2030 तक पैदा होने वाले कचरे में राजस्थान का हिस्सा 24 फीसद, गुजरात का 16 फीसद और कर्नाटक का हिस्सा 12 फीसद होगा। भारत के सौर उद्योग में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को सक्षम करनाः सौर अपशिष्ट मात्रा का आकलनज वाले अध्ययन में कहा गया है कि भारत में मौजूदा स्थापित 66.7 गीगावाट क्षमता से पहले ही 100 किलोटन कचरा पैदा हो रहा है, जो 2030 तक बढ़कर 340 किलो टन हो जाएगा। इसमें तकरीबन दस किलो टन सिलिकान, 12 से 18 किलो टन चांदी और 16 टन कैडमियम और टेलरियम होगा। इन तत्वों को दुबारा प्राप्त करने के लिए सौर कचरे का पुनर्चक्रण करने से आयात निर्भरता कम होगी और भारत की खनिज सुरक्षा बढ़ेगी। शोध में पाया गया है कि शेष 260 किलो कचरा 2024 से 2030 के बीच स्थापित होने वाली नई क्षमताओं से पैदा होगा। अध्ययन के मुताबिक सौर कचरा 2050 तक बढ़कर 19,000 किलो टन हो जाएगा, जिसमें से 77 फीसद हिस्सा नई क्षमताओं से पैदा होगा। सीईईडब्लू ने कहा है कि भारत में सौर उद्योग के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था की अग्रणी और जुझारू सौर आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने का एक अवसर है। पच्चीस वर्षों में 7.8 करोड़ टन सौर फोटोवोल्टिक कचरा निकलने की संभावना वैज्ञानिक बता रहे हैं, जिसका 2050 तक पुनः उपयोग या पुनर्चक्रण किया जा सकता है, हालांकि, यह एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि सौर पैनलों का समग्र पुनर्चक्रण वैश्विक स्तर पर अभी भी लागू नहीं किया जा सका है। इसकी वजह है दुनिया के बाजारों में उचित बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय नियमों का न बनाया जा सकना। जाहिर है, सौर अपशिष्ट आने वाले वक्त में पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाएगा।


बिजली की समस्या से पार पाने के लिए भारत सहित दुनिया भर में बहुत बड़ी मात्रा में सौर पैनल लगाए जा रहे हैं। इसलिए सौर पैनल अपशिष्ट को खपाने के लिए अभी से सोचना जरूरी है। दुनिया के तमाम देशों में सौर प्रणालियों का उचित प्रबंधन, पुनर्चक्रण और निपटान सरकारी नीतियों और कानूनों के जरिए निर्देशित होता है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और आस्ट्रेलिया में सौर पैनल पुनर्चक्रण के लिए निजी या अनिवार्य कार्यक्रम चलाए जाते हैं। भारत में भी इसके लिए बेहतर नीतियां और नियम बनाकर उन्हें लागू करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि भारत ने 2030 तक लगभग 292 गीगावाट सौर क्षमता हासिल करने की योजना बनाई है, जिसमें पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक कारणों से सौर पीवी कचरा प्रबंधन महत्त्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर पर्यावरण-अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन का विकास ईपीआर (विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी) कार्यक्रमों का विस्तार किया जा रहा है, जो उत्पादकों को उनके जीवन के अंत के उत्पादों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार मानते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक सौर कचरे के पर्यावरणीय असर को कम करने के लिए एक और बेहतर समाधान बंद लूप प्रणाली विकसित करना जरूरी है। एक निरापद सौर प्रणाली विकसित कर इससे बढ़ने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता है। सौर पैनल लगाने वाले व्यक्ति के लिए यह जानना भी जरूरी है कि उसके सौर पैनल की उम्र और उसमें इस्तेमाल होने वाले तत्त्व किस स्तर के हैं। खराब होने पर उनका निपटान किस तरह और कहां करना चाहिए।

यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि सौर कचरा निपटान का बेहतर समाधान क्या है। इसमें बेहतर रखरखाव पर ध्यान देने की जरूरत है। इससे सौर पैनलों की उम्र बढ़ती है। इसी के साथ सौर प्रणाली कचरा प्रबंधन के लिए आसानी से पुनर्चक्रित सौर पैनलों पर लगातार अनुसंधान और विकास होना चाहिए। सौर पैनल के आधुनिक और टिकाऊ माडल ही बाजार में बेचने की मंजूरी दी जानी चाहिए। सौर पैनलों के दो बेहतर तरीकों को अपनाया जा सकता है। इसमें पारंपरिक थोक सामग्री पुनर्चक्रण है, जिसमें कचरे को कुचलना, छानना और कतरना शामिल है। लेकिन अगर पैनल कांच, तांबा, एल्यूमीनियम, चांदी और सिलिकान के मिश्रण से बना है, तो इस तरीके से इसे पुनर्चक्रित नहीं किया जा सकता। दूसरा तरीका उच्च मूल्य पुनर्चक्रण का है। इसमें थर्मल, रासायनिक और यांत्रिक तरीका अपनाया जाता है। यह तरीका हर तरह से बेहतर है इसमें रासायनिक विधि से चांदी और सिलिकान को भी पुनर्चक्रित किया जा सकता है।

सौर पैनल भारत में सरकारी और गैर-सरकारी उपक्रमों को चलाने में बिजली के एक बेहतर विकल्प के रूप में अपनाए गए हैं। इनसे बिजली पर होने वाले खर्च में कमी आ रही है। आम और खास दोनों को घरेलू स्तर पर सहूलियत मिल रही है, लेकिन जब तक पैनल अपशिष्ट का आसानी से, पर्यावरण पर असर डाले बगैर निपटान सुनिश्चित नहीं होता, तब तक इसे निरापद मानकर इस्तेमाल करना अच्छा नहीं कहा जा सकता है। इसलिए सौर पैनलों की सबसे बढ़िया डिजाइन का इस्तेमाल के लिए सरकार को जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सरकारी योजनाओं के तहत भी जो सौर पैनल घरों पर लगाए जाएं, वे भी पर्यावरण के नजरिए से बेहतर होने चाहिए।

# आज का राशिफल




### मेष

मेष : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

### वृषभ

वृष : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा।

### मिथुन

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

### कर्क

कर्क : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

### सिंह

सिंह : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

### कन्या

कन्या : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी।

### तुला

तुला : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

### वृश्चिक

वृश्चिक : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे।

### धनु

धनु : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

### मकर

मकर : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

### कुंभ

कुंभ : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

### मीन

मीन : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए महायज्ञ में पहुंच रहे श्रद्धालु



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धरमपुर पंचायत के मंडपा और डुमर पंचायत के बेडम गांव में आयोजित हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में मंडप परिक्रमा करने के लिए रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। धार्मिक आस्था के अनुरूप श्रद्धालु सुबह से ही परिक्रमा के लिए यज्ञ स्थल पर जुटने लग जाते हैं। क्षेत्र में महायज्ञ होने से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। वाद्ययंत्र के माध्यम से महायज्ञ के मंत्रध्वनि गूंजने तथा धार्मिक गीतों के बजने और रात में कथा, प्रवचन व भजन-कीर्तन का आयोजन होने से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। रोजाना प्रवचन सुनने स्थानीय समेत आसपास क्षेत्र के ग्रामीण पहुंच रहे हैं। बेडम गांव में आयोजित पांच दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन सोमवार को भण्डारा के साथ होगा। वहीं मंडपा में मंगलवार को नगर भ्रमण और बुधवार को यज्ञकर्म, प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति भण्डारा, रात्रि में भव्य जागरण के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ का समापन होगा।

### मंडपा में चल रहे श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल



**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के मंडपा गांव में आयोजित श्री श्री 108 रूद्र सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल रविवार देर रात शामिल हुए। इस दौरान यज्ञ मंडप में मत्था टेक कर उन्होंने सबके लिए मंगल कामना की। महायज्ञ के दूसरे दिन कथा में भाग लेते हुए उन्होंने क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना किया। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने उन्हें फूलमाला अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति, सुख समृद्धि आती है वहीं समाज में एक दूसरे के प्रति समरसता विश्वास बढ़ता है। धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सकारात्मक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ के आयोजन होने पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है और जहां तक मंत्रोच्चारण की ध्वनि पहुंचती है पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है। मौके पर मुख्य रूप से धरमपुर पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार यादव, राजू यादव, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव मदन यादव, सोबरन यादव, रंजीत यादव, टुनटुन यादव, राजेश साव, गोपी यादव, अनुज साव, बिरेंद्र मोदी, राजू रंजन सिन्हा, लोकनाथ गोप, प्रकाश साव, अनिल यादव, सहदेव यादव, मुकेश यादव, सूरज यादव, आकाश यादव समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

### चलकुशा : माले कार्यकर्ताओं ने कोडरमा से इंडी गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में किया जनसंपर्क



**चलकुशा (प्रातः आवाज)।** भाकपा-माले ने कोडरमा लोकसभा सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी बगोदर विधायक विनोद सिंह की जीत को लेकर प्रखंड के मसकेडीह में जनसंपर्क अभियान चलाकर झंडे के तीन तारा में वोट देने की अपील की और हर घर के लोगों ने सहयोग राशि भी सहयोग किया। माले नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से देश की जनता परेशान है, खासकर मोदी सरकार को वोट देने वाले करोडों छात्र मजदूर किसान गरीब महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। जिप सदस्य सविता सिंह ने कहा कि आज कोडरमा लोकसभा का दुर्भाग्य है कि सांसद महोदया अन्नपूर्णा देवी जी राज्य शिक्षा मंत्री रहे लेकिन एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज या शिक्षा से जुड़े हुए विकास के कामों को नहीं कर पाई। यदि कोडरमा का संपूर्ण विकास चाहते हैं तो इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह को वोट करें। अभियान में माले प्रखंड सचिव अशोक चौधरी, नईम अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, मुन्ना राणा, बाबुजन मियां, हिदायत अंसारी, तौफीक अंसारी, मुस्लिम अंसारी, जमील अंसारी, रामप्रसाद राम समेत प्रखंड कमेटी एवं पंचायत कमेटी सदस्य शामिल थे।

### इचाक : घर का ताला तोड़कर 15 हजार नकद समेत दो लाख के जेवरात ले उड़े चोर

**इचाक (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के बोंगा गांव के दशरथ प्रजापति के घर के सदस्य यज्ञ में जागरण देखने गए थे। इसी बीच चोरों ने बाहरी छज्जा के सहारे छत पर चढ़ गए और सीढ़ी के दरवाजे में लगा ताला को रॉड से तोड़कर घर के अंदर घुस कर 15 हजार नकद और करीब एक लाख 85 हजार के सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। चोरों ने घटना को अंजाम रविवार सोमवार की रात को दिया। भुक्त भोगी दशरथ प्रजापति ने इचाक थाना में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि गृहस्वामी ने आवेदन दिया है।आवेदन के आलोक में मामले का जांच पड़ताल किया। सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल के बाद केस दर्ज किया जाएगा। घटना में स्थानीय चोरों का हाथ हो सकता है। चोर को जल्द ही पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

## पुराने रास्ते से जुलूस निकालने की अनुमति की मांग पर अड़े लोग, कहा-

# अनुमति नहीं मिली तो झुरझुरी गांव में नहीं मनाएंगे रामनवमी, चुनाव का भी करेंगे बहिष्कार

प्रातः आवाज

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पुलिस प्रशासन एवं झुरझुरी गांव के ग्रामीणों के साथ रामनवमी पर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने पुराने रास्ते से ही जुलूस निकालने की अनुमति देने की मांग की। मांग नहीं माने पर कहा कि यदि अनुमति नहीं मिली तो झुरझुरी गांव में रामनवमी नहीं मनाएंगे, साथ ही वोट का भी बहिष्कार करेंगे। बैठक में बरही एसडीओ जोहन टूडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि मुझे पुराने रास्ता से ही रामनवमी जूलुस घुमाने की अनुमति दें, क्योंकि पूर्व से ही इस रास्ते का लाइसेंस प्राप्त है। बीच में कोरोना को लेकर यह जुलूस नहीं निकला था। इस पर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल जिस रास्ते से आप जूलुस निकाले थे उसी रास्ते से जुलूस निकालें। आपके द्वारा बताए जा रहे मार्ग पर जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बैठक में निर्णय नहीं होने पर ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग रामनवमी का त्योंहार झुरझुरी गांव में नहीं मनाएंगे। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी इस गांव के लोग वोट का बहिष्कार करने का निर्णय ले सकते हैं। मौके पर रामनवमी समिति अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष बिट्टू यादव, पूर्व मुखिया सुमन कुमार, रामेश्वर महतो, कुंवर यादव, भीम प्रसाद, लाममोहन प्रसाद, राजेश कुमार, सिकंदर प्रसाद, मुकेश कुमार, पवन कुमार, महेंद्र प्रसाद, उमेश प्रसाद, जीतू कुमार, दयानंद प्रसाद वार्ड सदस्य, मनोज कुमार, छोटी लाल प्रसाद, चेतलाल प्रसाद आदि ग्रामीण उपस्थित थे।





### रामनवमी जुलूस मार्ग का सीओ व थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



**पदमा (प्रातः आवाज)।** पदमा सीओ मोतीलाल हेम्ब्रम एवं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने सशस्त्र बल के साथ पदमा प्रखंड के रामनवमी जुलूस का सोमवार को भौतिक निरीक्षण किया। सीओ ने बताया कि सभी पूजा समितियों और अखाड़े के लोग सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करेंगे। इसी क्रम में थाना प्रभारी के साथ प्रखंड के विभिन्न पूजा स्थलों के अलावा अखाड़े से आने वाले जुलुस के रूट का भौतिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने आगे बताया कि सभी लोग प्रभु राम के आर्दशों का पालन करते हुए भाई चारे के साथ पर्व मनाए। प्रशासन आप सबों के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

### नवपत्रिका प्रवेश के साथ पूजा पंडालों के खुले पट, मां ने भक्तों को दिए दर्शन



प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** प्रखंड में रामनवमी को लेकर राम भक्तों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। तमाम लाइसेंसधारी 39 अखाड़ों द्वारा तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। सोमवार को मां दुर्गे की सप्तमी पूजा प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रतिमा का पट खोला गया। पट खुलते ही माता का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दुर्गा पूजा समिति द्वारा अष्टमी एवं नवमी की पूजा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। मौके पर बड़कागांव दैनिक बाजार मां बसंती दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष अरविंद वर्मा, सचिव मनोज सोनी, पुरोहित शंकर मिश्रा, बृजेश वर्मा, गौतम वर्मा, कोलेश्वर साव, सीकरी मां बासंती दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान सचिव कृष्णा सिंह, बादम में मां बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडे, सचिव गौतम वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय लाल गुप्ता, पुरोहित श्याम किसोर पांडये के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### बालू लदा एक टिपर व दो ट्रैक्टर जब्त



**बरकट्ठा (प्रातः आवाज)।** बीडीओ सह सिओ रेशमा डुंगडुंग एवं बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने अवैध बालू के विरुद्ध सोमवार की सुबह अभियान चलाया। इस दौरान बंडासिंगा मोड़ से दो बिना रजिस्ट्रेशन का अवैध बालू लदा टीपर एवं ढोडीया नदी पूल पर अवैध बालू लदा लाल रंग महिन्द्रा टैक्टर, ब्लू रंग का पावर ट्रैक ट्रैक्टर को पकड़ा। पकड़े गए चारो गाड़ी के चालक फरार बताए गए। इस बाबत बीडीओ रेशमा डूंगडूंग के आवेदन पर बरकट्ठा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इस मामले का केस नम्बर 69/24 है। जानकारी हो कि चलकुशा थाना क्षेत्र से प्रत्येक दिन रात अवैध बालू लदे दर्जनों बिना रजिस्ट्रेशन के टीपर बरकट्ठा, गोरहर थाना क्षेत्र होते हुए इचाक चली जाती है। प्रशासन के द्वारा कभी कभी इस पर कारवाई कर खाना पूर्ति करता है जबकि यह धंधा जोर शोर से चल रही है।

#### लड़की को देखकर सीटी मारने के बाद दो गुटों में मारपीट, मामला थाना पहुंचा

### पथराव में 13 लोग घायल, 6 आरोपियों को भेजा गया जेल

प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना अंतर्गत महुंगाई कला गांव में पबजी खेल रहे युवकों द्वारा लड़की को सिटी मारकर इशारा करने के आरोप को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट एवं पत्थर बाजी में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए।घटना की सूचना पाकर बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, एसआई इंद्रजीत कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण किया गया।एक गुट आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरी बहन कूड़ा फेंकने के लिए बाहर निकली तो कुछ मनचले लोग सिटी बजाकर इशारा कर रहे थे।जब मैं अपने आंखों से देखा तो उन लोगों से जानकारी लेने का प्रयास किया। लेकिन उल्टा ही वे लोग उग्र होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। वहीं दुसरा गुट का कहना है कि अंबा पोखर भीड़ पर पेड़ के नीचे हमलोग पबजी खेल रहे थे। इसी बीच लड़की के भाई ने आकर हम लोगों को यहां बैठने के लिए मना करने के साथ मारपीट करने लगा। इससे पूर्व भी कई जगहों पर बैठने से हम लोग को रोका गया है।देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट होते हुए पथराव शुरू हो गई।और फिर देखते ही देखते घटनास्थल रण क्षेत्र में तब्दील हो गया।पथराव में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर इलाज कराया।समाचार लिखे जाने तक घायलों से पूरी घटना क्रम की जानकारी ली जा रही है।साथ ही साथ रामनवमी महापर्व एवं चुनाव आचार संहिता को देखते हुए घटना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर बनाई गई है। इस पथराव में एक और से अमर कुमार, त्रिवेणी राम, मदन कुमार रवि, अवधेश राम सहित दो महिलाएं घायल हुए हैं। जबकि दूसरे ओर से तौफीक गुड्डा, मोहम्मद तमीम, मोसदिक, रहमतुल्लाह, मुसद्दीक एवं आर्यन शामिल है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। घटना को लेकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है जिस पर कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को जेल भेजा गया है।

# हेसागढ़ा में इंडिया गठबंधन की बैठक, 21 अप्रैल को न्याय उलगुलान महारैली को सफल बनाने का निर्णय

## दल बदलने वाले प्रत्याशी से रूठे लोगों को मनाने की करें कोशिश

प्रातः आवाज

**हजारीबाग।** हेसागढ़ा में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के लोगों की बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो नेता फागू बेसरा ने की। बैठक में क्षेत्रीय स्तर के कई दिग्गज मौजूद थे। 21 अप्रैल को न्याय उलगुलान होने वाले महारैली को सफल बनाने की तैयारी की गई। बैठक में उपस्थित हरेक क्षेत्र के दिग्गजों ने हुंकार भरे। जानकारी यह भी मिली कि बैठक में उपस्थित गठबंधन के कुछ लोगों के मन में यह बाते कौंध रही थी कि झामुमो ने जिसे जन्मांतर से पाला-पोशा और लीडर की अंतिम पैदान पर बैठाया वह धोखा देकर भाग गया। अब स्थिति ऐसी है कि इंडिया गठबंधन का फिर से वह अंग बन गया है। वहीं कुछ उपस्थित दिग्गजों के चेहरा यह कह रहा था कि मन से सबकुछ हटाकर पार्टी के लिए काम करें और मतदाताओं को समझाएं। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए झामुमो केन्दीय



महासचिव फागू बेसरा ने कहा कि केन्द्र की तानाशाही भाजपा सरकार ने लोकतंत्र कि हत्या करने पर तुली है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का केंद्र सरकार दुरुपयोग कर रही है। जो देश के लिए घतक है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बिना कोई ठोस सबूत के पिछले ढाई महीनों से जेल में बंद कर रखा है। इसके विरोध में अगामी 21 अप्रैल 2024 को हजारीबाग और रामगढ़ जिला से प्रभात तारा मैदान रांची में हजारों की संख्या में न्याय उलगुलान महारैली में शामिल होकर और केन्द्र की तानाशाही सरकार के विरुद्ध आवाज को बुलन्द करें। उन्होंने कुछ यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबन्धन के समर्थित प्रत्याशी को विजय बनाना है। लेकिन प्रत्याशी का नाम नहीं लिया जाना यह बताता है कि खास सामुदाय के लोगों इंडिया गठबंधन प्रत्याशी से मान में टीस है। जिसका खामियाजा प्रत्याशी को भुगतना पडेगा। बैठक में केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, केन्द्रीय सदस्य राजकुमार महतो, जिला संयोजक सोनाराम मांझी, नीलकंठ महतो, गौरव पटेल, रेखा कुमारी, सैनाथ गंझू, रामकिशोर मुर्मू, लखनलाल महतो, योधेश्वर सिंह भोगता, अकल उरांव, बिजय हेम्ब्रोम, अलाउद्दीन अंसारी, एतो बास्के, कुर्बान अंसारी, बरतु करमाली, महेन्द्र मिस्त्री, महेन्द्र मुण्डा, महेन्द्र मांझी, लखीराम मांझी, बोधन माँझी, अलख कुमार मांझी, आनन्द मराण्डी, पन्नालाल मुर्मू, प्रदीप सोरेन, सनु मदन सोरेन, नरेन्द्र रविदास, सहादेव किस्कू, देवीराम हेम्ब्रोम, मंगरू मांझी, शनिचार मराण्डी, बीरबल मराण्डी, भुनेश्वर ठाकुर, सहदेव मांझी, मोहन मांझी, रूपन मांझी, शिवजी बेसरा, सागिर हुसैन, रीतलाल हंसदा, राजेश बेदिया, कुंवार महतो, भुनेश्वर महतो, सुरेश चंद्र पटेल, महेंद्र मुर्मू, कान्दो मांझी, रामनाथ महतो, शिवलाल हांसदा, भुवनेश्वर मांझी, राजनाथ महतो, चंदन कपूर, श्यामदेव सोरेन, डालचंद महतो, तिरु सोरेन, संजय कुमार सिंह, जीतलाल टुडू, लालजी हेम्ब्रोम, सुनील बास्के, धीरज मांझी एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनिय और झारखंड श्रमिक संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन के बाद अर्जुन मुंडा ने कहा

# खूंटी में कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंचायें




प्रात: आवाज

**खूंटी।** खूंटी से भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई बार इतिहास रचा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी एक बार फिर खूंटी से कमल को खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंचायें। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। अर्जुन मुंडा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को स्थानीय नेताजी चौक के समीप विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया। मुंडा ने कहा कि हम रामनवमी का त्योहार मनायेंगे। त्योहार का उत्साह और दोगुना हो जाता है, जब हम देखते हैं कि 500 साल के बाद राम लला अयोध्या में विराजमान हुए हैं।

खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का संकल्प लिया है। देश को ऐसे नेता की जरूरत है जो देश को विकसित राष्ट्र बनाये और ऐसा नेता केवल नरेंद्र मोदी ही हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी से भी एक कमल का फूल खिलायें।

तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र से दिखाई पड़ता है कि आनेवाले समय में देश विकसित राष्ट्र बनेगा। खूंटी से कोई और जितेगा, तो केवल संख्या बल बढ़ाने का काम करेगा, अर्जुन मुंडा को जितायेंगे, तो वे प्रधानमंत्री के कैबिनेट में शामिल होंगे। सभा को खूंटी प्रभारी रविंद्र राय ने भी संबोधित किया।

मौके पर सत्यनारायण सिंह, काशीनाथ महतो, संतोष जयसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### झामुमो और झापा के कई कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

खूंटी संसदीय क्षेत्र के बानो प्रखंड के झामुमो और झारखंड पार्टी के कई कार्यकताओं ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। खूंटी में भाजपा के चुनाव चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और लोकसभा प्रभारी रविंद्र राय ने माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा देकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होनेवाले लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति-सिद्धांत से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा का दमन थामने वालों में झामुमो के बानो प्रखंड अध्यक्ष ललित बड़ाईक, प्रखंड सचिव कपिल कांत सिंह, अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष श्रवण राम, अमर सिंह, हेमनाथ सिंह, बिलसन हेमरोम, कमल बड़ाईक, जोसेफ मुंडा, चमना मुंडा, बिनरल मुंडा, राहुल लहेरी, विकास खुराना कें अलावा झारखण्ड पार्टी के पंचायत अध्यक्ष परमानंद सिंह, राजीव कुमार सिंह, पिंकू सिंह, रिंकू सिंह सहित अन्य कई लोग शामिल हैं।

## भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी मिला है महत्वपूर्ण स्थान : अर्जुन मुंडा

**खूंटी (प्रात: आवाज)।** भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। वर्ष 2025 में धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को हमारी आनेवाली सरकार देश भर में बिरसा मुंडा के नाम पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनायेगी। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। भाजपा के संकल्प पत्र ने जनजातीय समुदाय का मान-सम्मान बढ़ाया है। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कही। श्री मुंडा सोमवार को खूंटी में विधानसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने 'संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी' के माध्यम से आनेवाले पांच वर्षों में क्या-क्या महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, उसका रोडमैप जनता के समक्ष रखने का काम किया है। साथ ही संकल्प पत्र के माध्यम से यह भी बताने की कोशिश की गयी है कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चहुंमुखी विकास हुआ है। इन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने जनता के जनादेश पर खरा उतरते हुए पार्टी के घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के रूप में स्थापित किया और एक नई परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कसौटियों पर खरा उतरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2024 में अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए अपने संकल्पों को दोहराते हुए भाजपा ने अगले पांच सालों में देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्रबिंदु में रखते हुए देश के विकास को रेखांकित करने और सुनिश्चित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प पत्र विकसित भारत बनाने का संकल्प पत्र है।

## समाचार सार

### भुवन भास्कर को अर्घ्य के साथ चैती छठ महापर्व संपन्न



**खूंटी (प्रात: आवाज)।** जिलेभर में चैती छठ महापर्व के चौथे दिन दूसरा अर्घ्य भगवान भुवन भास्कर को नेम निष्ठा व पवित्र मन से श्रद्धा-भक्ति के साथ अर्घ्य अर्पित किया। इसके लिए उपासकों व छठव्रतियों व खूंटी वासियों ने खूंटी के साव तालाब, राजा तालाब, चौधरी तालाब कारो नदी आदि विभिन्न छठ घाटों में गाजे-बाजे के साथ पहुंचे और उगते सूर्य को नमन करके दूध व गंगाजल से अर्घ्य अर्पित किया। वहीं आज ब्रम्हमुहूर्त से ही चारों ओर छठ के गीत गुंजायमान रहा। इसके लिए उपासकों ने घर में दीप, ठेकुआ, फल फूल, नारियल आदि से सूप सजाया, वहीं लोगों ने सुबह ही स्नान करके तैयार होकर गाजे बाजे के साथ घाट पर गये। जिसमें छठव्रती जल में खड़े होकर भगवान सूर्यदेव को ध्यान किये फिर उगते सूर्य को उपासकों के साथ अर्घ्य अर्पित किया और प्रसाद वितरण किया।

### खूंटी जेल से जमानत पर छोड़े जाएंगे 20 विचाराधीन कैदी



**खूंटी (प्रात: आवाज)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा सोमवार को विचाराधीन कैदियों से संबंधित यूटीआरसी की बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, डीसी लोकेश मिश्रा, एसपी अमन कुमार, डालसा के सचिव, कारा अधीक्षक, लोक अभियोजक, एलएडीसी के सभी सदस्य उपस्थित थे। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि डालसा ने कैदियों को 14 कैटेगरी में रखा है, जिसमें से 20 विचाराधीन कैदियों के बारे में विचार किया गया, जिसका विचारण तेजी से होगा और इन्हें न्यायालय द्वारा जल्द ही जमानत पर छोड़ा जाएगा। यूटीआरसी ने इसकी सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि अगर कोई विचाराधीन कैदी अपने अधिवक्ता से कानूनी लाभ नहीं ले पा रहा हो, तो वह एलएडीसी (डालसा अधिवक्ता) की मदद ले सकते हैं, जो निःशुल्क है। डालसा सभागार खूंटी में 27 अप्रैल को एनआइ एक्ट और विद्युत संबंधित वादों के निस्तारण के लिए आयोजित होनेवाली विशेष लोक अदालत के लिए सोमवार को जिला जज के चैंबर में बैठक का आयोजन किया गया। यह विशेष लोक अदालत आगामी 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2024 तक चलेगी, जिसमें पक्षकार समझौता पूर्व न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन कर सकेंगे।

### प्रवीण भगत बने ओबीसी कांग्रेस के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष



**खूंटी (प्रात: आवाज)।** कांग्रेस के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव कों लेकर चर्चा की गई। मौके पर ओबीसी कांग्रेस के खूंटी जिला अध्यक्ष सोनू इमरान ने अम्मा पखना निवासी प्रवीण भगत को तोरपा प्रखंड ओबीसी कांग्रेस का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कैसर खान, सुरेंद्र गुप्ता, इमरान खान ने बुके और सर्टिफिकेट देकर प्रवीण भगत का स्वागत किया। मौके पर रजत गुप्ता, बसंत महतो, पवन गुप्ता, प्रवीण कुमार, बबलू कुमार, अभय कुमार, बलराम कुमार, सत्यम साहू, नंदकिशोर दास, नंदलाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ ने शहीद किरण टोपनो को दी श्रद्धांजलि पत्नी को किया सम्मानित




**खूंटी (प्रात: आवाज)।** लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले शहीद नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सोमवार को शहीद हवलदार जीडी किरण टोपनो के गांव तोरपा प्रखंड के मरचा में शहादत दिवस का आयोजन किया गया। शहीद किरण टोपनो आज ही के दिन अर्थात 15 अप्रैल 2000 को देश के लिए शहीद हो गए। 50वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की गतिविधि को रोकने के लिए 15 अप्रैल 2000 को गांव मदीना थाना सुरानकोट जिला पुंछ में सर्च अभियान के दौरान आतंकवादियों के खिलाफ वीरता पूर्वक लड़ते हुए किरण टोपनो ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। शहादत दिवस पर उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल 94 बटालियन ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी पत्नी हेलेना होरो को सम्मानित किया और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की।

### खूंटी में एक से 19 वर्ष के तीन लाख बच्चों को खिलाई जायेगी कृमि की दवा

**खूंटी।** उप विकास आयुक्त के कार्यालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर खानापूर्ति की गई, तो किसी भी हालत में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने 19 अप्रैल को होनेवाले इस कार्यक्रम के बारे में बताया कि उस दिन जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में संबंधित विद्यालय के शिक्षकों, सहियाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल तीन लाख 12 सौ 59 बच्चे और किशोर-किशोरियों को कृमि निरोधी दवा खिलाई जाएगी। छुटे बच्चों को 26 अप्रैल को दवा खिलाई जाएगी।

## चुनाव कार्य में किसी तरह की चूक क्षम्य नहीं होती है : आलोक शिकारी कच्छप

प्रात: आवाज



**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में सोमवार को 72 सेक्टर पदाधिकारी एवं 112 पुलिस अधिकारियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त कार्यशैली एवं दायित्वों से अवगत उन्हें कराया गया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने सेक्टर पदाधिकारियों को कार्य एवं जिम्मेवारियों से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधीन कई मतदान केंद्रों की जिम्मेवारी हो सकती है। इवीएम मशीन की सुरक्षा के लिए आपके साथ पुलिस बल के जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि निगरानी रखना होगा कि मतदान केंद्रों पर वोटिंग का कार्य समान्य अवस्था में हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान समाप्ति के बाद मतदान से संबंधित सभी सामग्रियों को कलेक्शन सेंटर में जमा कराने का उत्तरदायित्व सेक्टर दंडाधिकारियों का होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी को निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी रखना आपलोगों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में किसी तरह की चूक क्षम्य नहीं होती है।

## हर्षोल्लास के साथ बंगाली परिवार ने मनाया बंगला नववर्ष

प्रात: आवाज



खूंटी। हरि मंदिर खूंटी में बंग समुदाय के द्वारा बहुत ही धूमधाम से बंगला नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रविंद्रनाथ टैगोर की कविता एशो हे वैशाख एशो एवं केक काटकर की गई इस कार्यक्रम में परिवार के सभी महिलाओं द्वारा मिलकर रंगारंग कार्यक्रम किया गया एवं बच्चों द्वारा डान्स की प्रस्तुति भी की गई। सैकत कुमार दास के द्वारा बताया गया कि यह बंगला की 1431वी नौ वर्ष है इसकी शुरूआत मुगल बादशाह अकबर के जमाने में हुई थी बंगाल में किसानों से कर वसूली की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए बंगाबघ की शुरूआत की थी इसका मतलब था की चौत के आखिरी दिन पुराना हिसाब किताब चुकता कर देना है और बैसाख के पहले दिन से नया बहीखाता जिसे बंग समुदाय में हाल खाता कहा जाता है शुरू होगा, कर वसूली की प्रक्रिया को सरल करने के लिए उठाए गए इस कदम से ही बंगाबघ की शुरूआत हुई। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अरिंदम दास, अनिर्बन दास, देवाशीष दास, रंजन दास, अंजन दास एवं सभी परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका रही। हरि मन्दिर परिसर मे बंगला नव वर्ष मनाया गया। स्थानीय बंगाली परिवार ने पोइला बोइशाख मनाया यह सूचना सैकत कुमार दास ने दी।

### वृद्ध मतदाताओं के लिए चलाया गया विशेष अभियान



**खूंटी (प्रात: आवाज)।** जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने वृद्ध जनों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान बीएलओ द्वारा घर - घर जाकर वृद्ध मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में चेक किया गया। इस दौरान बताया गया कि यदि घर के बुजुर्ग मतदान के प्रति जागरूक होंगे तो पूरा परिवार और गांव भी जागरूक बनेगा। हमारा उद्देश्य है कि शत प्रतिशत बुजुर्ग मतदाताओं को जोड़ा जाये। हम सभी को मतदान के प्रति सजग और जागरूक बनने की आवश्यकता है। एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्वों को साझा किया गया। साथ ही सभी ने मतदाता जागरूकता प्रतिज्ञा ली।

## सरना सदान मूलवासी मंच का सरहुल मिलन समारोह 21 को

■ सरहुल मिलन समारोह के पोस्टर का किया गया विमोचन

प्रात: आवाज



**रांची।** मोरबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा पार्क में सूरज टोप्पो की अध्यक्षता में सरना सदान मूलवासी मंच का सरहुल मिलन समारोह को लेकर बैठक की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 21 अप्रैल को राजधानी रांची के हृदयस्थली अल्बर्ट एक्का चौक में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मंच के द्वारा सरहुल मिलन समारोह का पोस्टर लॉच किया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक रणजीत टोप्पो ने कहा कि सरहुल मिलन समारोह के प्रति सभी समुदाय के लोगों का जिस तरह से झुकाव रहता है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। ज्ञात हो कि सरना सदान मूलवासी मंच के द्वारा प्रत्येक वर्ष सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है।

बैठक सह पोस्टर विमोचन में मुख्य रूप से राधा हेमरोम, अंजू तिर्की, मोहन तिर्की, अमित मुण्डा, मिथलेश कुमार, बिक्की करमाली, अजीत लकड़ा, सुरज टोप्पो, डब्लू मुण्डा, पवन कुमार, मुख्य सलाहकार निरंजन भारती इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सीयूजे में 'प्रमुख शक्तियों की विदेश नीति का अध्ययन क्यों करें' विषय पर व्याख्यान आयोजित

■ देश को प्रमुख शक्ति के रूप में पहचान दिलाने के लिए देश की नियत और आचरण की आवश्यकता है : डॉ. मोनीश टूरंगबाम

प्रात: आवाज



**रांची।** झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग द्वारा 15 अप्रैल, 2024 को 'प्रमुख शक्तियों की विदेश नीति का अध्ययन क्यों करें' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। जिसमें वक्ता के रूप में डॉ. मोनीश टूरंगबाम, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडो-पैसिफिक स्टडीज, नई दिल्ली के मानद निदेशक उपस्थित थे।

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अपर्णा ने अतिथि का स्वागत किया और सत्र प्रारंभ किया। डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभाग, डीन, स्कूल ऑफ ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंसेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड ने स्वागत भाषण दिया। अपने संक्षिप्त विवरण में उन्होंने समकालीन अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली में 'प्रमुख शक्ति' की स्थिति की अवधारणा और उनके द्वारा निभाई गई भूमिका के इर्द-गिर्द घूम रहे भ्रम पर प्रकाश डाला। डॉ. आलोक ने अतिथि वक्ता को प्रश्न के साथ आमंत्रित किया: प्रमुख शक्तियों को कैसे परिभाषित किया जाना चाहिए और प्रमुख शक्तियों को परिभाषित करने के मानदंड क्या हैं?

डॉ. मोनीश टूरंगबाम ने अपने व्याख्यान की शुरूआत उन मानदंडों की गणना की जिनके आधार पर अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली के भीतर एक राष्ट्र को प्रमुख शक्ति के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि यद्यपि इसका कोई निश्चित मानदंड नहीं हो सकता है और इस पर बहस चल रही है। श्री मोनीश के अनुसार, राज्य-केंद्रित और शक्ति-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली क्षमताओं में आर्थिक ताकत, जीडीपी, सैन्य कौशल, सैन्य हार्डवेयर संपत्ति, तकनीकी क्षमताएं, आंतरिक समीकरण (उनके नागरिकों की आकांक्षाएं), वैश्विक शासन में योगदान करने के लिए जिम्मेदारियों की धारणाएं, और बहुपक्षीय संगठनों का एजेंडा तय करने की क्षमताएं आदि प्रमुख शक्ति की स्थिति के कुछ प्रमुख निर्धारक हैं। संस्था निर्माण एवं प्रबंधन प्रमुख शक्तियों की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। श्री मोनीश के अनुसार देश को प्रमुख शक्ति के रूप में पहचान दिलाने के लिए देश की नियत और आचरण की आवश्यकता है।

श्री मोनीश ने कहा कि भारत ने कभी किसी गठबंधन में प्रवेश नहीं किया और मुख्य रूप से रणनीतिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने आगे कहा कि प्रमुख शक्तियों के पास व्यापक विदेश नीति टूलकिट का एक सेट होता है जो उन्हें सैन्य, अर्थव्यवस्था, प्रवासी और प्रौद्योगिकी जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रणाली में प्रमुख शक्ति बनाता है। श्री मोनीश ने स्वीकार किया कि भारत के सामने एक बड़ी चुनौती है, हालांकि आंतरिक कथा से पता चलता है कि भारत एक प्रमुख शक्ति बनने की दृढ़ता से आकांक्षा रखता है। चीन, पाकिस्तान और अन्य जैसी क्षेत्रीय शक्तियों की वृद्धि और उपद्रव शक्ति को रोकने के लिए भारत कितनी चतुराई से दूर की शक्तियों का उपयोग करता है, यह समकालीन अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली के भीतर भारत की स्थिति निर्धारित करेगा। भारत जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के भीतर अपना बहु-संरेखण तैयार करता है, उससे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में उसकी स्थिति भी तय होगी।

इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित थे। श्रीलंका, बांग्लादेश, सिक्किम और दिल्ली जैसे अन्य देशों और विश्वविद्यालयों के छात्र और शिक्षक भी व्याख्यान (ऑनलाइन मोड से) में शामिल हुए। छात्रों और शिक्षकों को प्रश्नों के माध्यम से डॉ. मोनीश के साथ बातचीत करने का अवसर भी मिला। अंत में डॉ. अपर्णा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास रांची महानगर का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आयोजित

प्रात: आवाज



**रांची।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास रांची महानगर का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन विद्या विकास समिति शुक्ला कॉलोनी हिनू रांची में सोमवार को संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में कुल 50 कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो अंजनी कुमार श्रीवास्तव थे। उन्होंने आज के समय में पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण के छोटे छोटे उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो विजय कुमार सिंह, कुलसचिव सरला विरला विश्वविद्यालय रांची एवं न्यास के क्षेत्र संयोजक ने न्यास की स्थापना, उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु शिक्षाविदों से आग्रह किया। आगामी जून माह में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला रांची एवं राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग की जानकारी दी। अध्यक्षीय भाषण प्रो. अशोक चौधरी, पूर्व निदेशक मानव संसाधन केंद्र, रांची विश्वविद्यालय रांची का हुआ। क्षेत्र संयोजक प्रो. विजय कुमार सिंह ने रांची महानगर के लिए दायित्व की घोषणा की। जिनमें डॉ गणेश चंद्र वासके संयोजक, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची, डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, संयोजक पर्यावरण शिक्षा, डॉ प्रियरंजन प्रियदर्शी, संयोजक चरित्र निर्माण एवम व्यक्तित्व का समग्र विकास, डॉ कुणाल कुमार, संयोजक प्रबंधन शिक्षा, डॉ आशित महापात्र, संयोजक तकनीकी शिक्षा शामिल हैं।

संचालन रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के सुनीता जी ने किया। परिचय का कार्यक्रम महानगर के सह संयोजक डॉ सुनील कुमार झा ने कराया।ओमकार ध्वनि से कार्यक्रम का शुभारंभ महानगर के संयोजक डॉ धर्मराज कुमार ने कराया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

## समाचार सार

### टोटो व ट्रैक्टर में टक्कर, चार घायल



**पुटकी (प्रातः आवाज)।** सोमवार की दोपहर करीब 3:45 में टोटो व ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होने से टोटो ड्राइवर सहित चार लोग घायल हो गये, जिसमें एक को धनबाद रेफर किया गया है। ट्रैक्टर का ड्राइवर घटना के बाद फरार हो गया। वाहन को पुलिस अपने कब्जे में ले पुटकी थाना ले आयी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुटकी थाना क्षेत्र के पुटकी 2 नंबर धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग में धनबाद की ओर से आ रही टोटो व रॉग साइड से जा रहे ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होने से टोटो ड्राइवर सहित टोटो में सवार महाविद्यालय की छात्रा घायल हो गई, जिसे आनन-फानन में टोटो ड्राइवर व अन्य दो को पुटकी के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिया लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं अन्य एक को धनबाद रेफर किया गया है। पुटकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच वाहन को अपने कब्जे में ले थाना ले आयी। घायलों में टोटो चालक शम्भु झा पुटकी ए टाइप का रहने वाला है। उसके सिर व पैर में चोट लगी है। साथ ही तीन घायल दीपिका कुमारी पिता वसीस्टय मोदक डीवीसी चेकपोस्ट धोबनी, नीतू कुमारी पिता मेधा मण्डल पुटकी 10 नंबर के रहने वाले हैं, जिनका इलाज पुटकी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुटकी मस्जिद मोहल्ला के रहने वाले पुटकी चेम्बर के सहसचिव टीपू उर्फ इम्तियाज की भतीजी चांदनी परवीन उम्र 20 वर्ष को धनबाद रेफर किया गया है।

### कतरास के महिला संगठनों ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**शिविर में नेत्रदान करने के लिए लोगों को किया गया प्रेरित**

**कतरास (प्रातः आवाज)।** राजगंज रोड स्थित राजस्थानी समाज भवन में सोमवार को इनर व्हील क्लब ऑफ कतरास, मारवाड़ी महिला समिति कतरास एवं पुनित चैतन्य जागृति जैन महिला मंडल कतरास के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर एवं नेत्रदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 13 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ मारवाड़ी महिला समिति के मीडिया प्रभारी श्वेता खंडेलवाल ने रक्तदान कर इसकी शुरूआत की। शिविर में नेत्रदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया तथा बताया गया कि आपके नेत्रदान से जो लोग दुनिया को देखने से वंचित हैं, वह पुनः एक बार आपकी आंखों से दुनिया को देख सकेगें। मौके पर इनर व्हील क्लब, मारवाड़ी महिला समिति, पुनीत चैतन्य जैन महिला मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

### टाटा स्टील झरिया डिवीजन में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ




**झरिया (प्रातः आवाज)।** टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने सोमवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया। संजय राजोरिया ने राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाने के महत्व और प्रासंगिकता पर जोर दिया और अग्नि सुरक्षा टीम को उनके द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों को जारी रखने की सलाह दी। डिवीजन के सेफ्टी एवं सिक्योरिटी विभाग ने सरकारी अग्निशमन दल के साथ अग्नि सुरक्षा पर कई जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने, मॉक ड्रिल तथा कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों, स्कूली बच्चों एवं समुदाय के लिए अग्निशामक उपकरणों एवं बचाव तकनीकों के उपयोग पर प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति के लिए आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में नरेंद्र कुमार गुप्ता, चीफ (जामाडोबा ग्रुप), बरुण बनर्जी, हेड (सेफ्टी), कर्नल भवानी सिंह निर्वाण, हेड (एडमिनिस्ट्रेशन), कौशिक गायेन, हेड (प्लानिंग) और सुजीत कुमार झा, सीनियर एरिया मैनेजर (सिक्योरिटी), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील शामिल थे। बताते चलें कि राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह हर वर्ष 14-20 अप्रैल को उन 71 बहादुर अग्निशामकों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे पोर्ट नामक प्रसिद्ध विक्टोरियन डॉक पर मालवाहक एसएस फोर्ट स्टिकिन में लगी आग से लड़ते हुए अपनी जान गंवा दी थी।

### बाल विवाह उन्मूलन को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान कार्यक्रम

# अक्षय तृतीया के दिन पुजारियों को रहना होगा सावधान : रवानी

**इस दिन मंदिरों में होती है कई नाबालिग जोड़ों की शादी**



**प्रातः आवाज**

**महुदा।** झारखंड के धनबाद जिला अंतर्गत ब्रह्म बाबा मंदिर महुदा, शिव शक्ति धाम महुदा मोड़, विष्णु मंदिर महुदा मोड़, लिलोरी मंदिर कतरास, शिव मंदिर नागदा सहित धनबाद के दर्जनों मंदिरों में जहां हर वर्ष सैकड़ों जोड़ों की शादी होती है। अक्षय तृतीया विवाह के लिए शुभ दिन माना जाता है। उस दिन देशभर के मंदिरों में बाल-विवाह होने की संभावना बढ़ जाती है।

बाल विवाह मुक्त अभियान के सहयोगी संस्था झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा मंदिर के पुजारियों, प्रबंधकों को जागरूक किया जा रहा है ताकि अनजाने में भी बाल-विवाह न होने पाये। इसके लिए शादी योग्य जोड़ियों की पहचान हेतु उन्हें किन दस्तावेजों को प्राप्त कर संधारित करना आवश्यक है से संबंधित जानकारी दी जा रही है।

बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान के सहभागी, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि अक्षय तृतीया एक अत्यंत शुभ दिन है। यह दिन विवाह सहित जीवन में नई शुरूआत के लिए एक शुभ दिन माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन हर साल कई शादियां होती हैं। इस दिन विवाह मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है। अधिकांश विवाह हॉल, विक्रेता और अन्य पेशेवर पहले से ही बुक होते हैं और बहुत सारा व्यवसाय चल रहा है। कई लोग सामुदायिक विवाह (सामुहिक विवाह) भी आयोजित करते हैं। जहां एक ही स्थान पर दर्जनों जोड़ों की शादी होती है। बाल विवाह मुक्त भारत (सीएमएफआई) 160 से अधिक गैर सरकारी संगठनों का एक गठबंधन है भारत में बाल विवाह को खत्म करने के लिए 300 से अधिक जिलों में एक साथ काम कर रहे हैं।

सीएमएफआई बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए काम कर रहा है और संकल्पित है कि 2030 तक बाल विवाह की व्यापकता को वर्तमान राष्ट्रीय प्रसार दर 23.3% से घटाकर 5.5% कर दिया जाएगा।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सहभागी संस्था के शंकर रवानी ने कहा कि अभियान से जुड़े स्वंसेवक मंदिरों तथा मस्जिदों में जाकर पंडितों, पुरोहितों और मौलानाओं को जागरूक कर रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि अगर उम्र का वेरिफिकेशन किये बिना बाल-विवाह कराते हैं या करवाते हैं तो बाल-विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत दो वर्ष की सजा एवं एक लाख जुर्माना या दोनों हो सकती है।

उक्त कार्यक्रम में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, सीता कुमारी, भागीरथ सिंह, नितेश कुमार वर्मा, तिलकधारी रवानी, दीपा रवानी, बेला कुमारी, चंदा कुमारी, सागर रवानी, बेबी प्रियंका, सुमित्रा देवी, मुमताज अंसारी, योगेश्वर रवानी, कामेश्वर महतो एवं पुजारीगण उपस्थित थे।

## एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**चुनाव के लिए जिले में गठित विभिन्न कोषांग के पदाधिकारी को आवंटित कार्य की समीक्षा की गयी**



**प्रातः आवाज**

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमें आगामी पर्व रामनवमी, लोक सभा आम चुनाव एवं अपराध की समीक्षा की गई।

रामनवमी को लेकर सभी थानों के प्रभारी को जुलूस मार्गों का भौतिक निरीक्षण, संदिग्धों पर कार्रवाई, झंडा मिलन वाले स्थानों पर बल प्रतिनियुक्ति, लाइट तथा पानी की व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

चुनाव के लिए जिले में गठित विभिन्न कोषांग के पदाधिकारी को आवंटित कार्य की समीक्षा की गयी। अपराध समीक्षा के आलोक में जिला में पिछले माह में घटित विभिन्न हत्या, महिला अपराध, लूट, चोरी आदि कांडों की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा अनुसंधान को गति देने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिला मे लंबित वारंट, कुर्की आदि का त्वरित गति से निष्पादन करने के लिये भी निर्देशित किया है।

## उदीयमान भगवान सूर्य के अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न



**प्रातः आवाज**

**कतरास।** लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ सोमवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। कतरास शहर के विभिन्न छठ तालाबों व नदियों में छठव्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। कतरास नदी के किनारे सूर्य मंदिर में प्रातः 4:00 बजे से ही छठव्रतियों का आना शुरू हो गया था। प्रातः 5:00 बजते ही छठ घाट में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। लोगों ने बारी-बारी से पूजा-अर्चना की। छठ पर्व को लेकर सूर्य मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। छठ कमेटी के लोग बेहतर व्यवस्था देने के लिए तैनात देखे गए। अंगारपथरा पुलिस दलबल के साथ मुस्तैद थी। सूर्य मंदिर छठ कमेटी के किशोरी गुप्ता, प्रकाश राम गुप्ता, मनोज गुप्ता, विजय गुप्ता,अधिवक्ता अवधेश गुप्ता, रामदेव तिवारी, गुड्डू शर्मा, रामेश्वर तिवारी, विकास कुमार, उदय वर्मा, प्रभाकर कुमार आदि सक्रिय रहे।

### टाटा स्टील का झरिया डिवीजन खान सुरक्षा महानिदेशालय के साथ दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन

**प्रातः आवाज**

**झरिया।** टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने 14 अप्रैल, 2024 को खान सुरक्षा महानिदेशालय (DGMS) के महानिदेशक और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स के बीच दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रभात कुमार, महानिदेशक (DGMS) और डीबी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट (रॉ मैटेरियल्स), टाटा स्टील उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में संजय राजोरिया, जेनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन, अतुल भटनागर, जेनरल मैनेजर, ओएमक्यू डिवीजन और अनुराग दीक्षित, जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील शामिल थे।

## नव पत्रिका पूजन के साथ कतरास में श्रीश्री सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा शुरू



**प्रातः आवाज**

**कतरास।** राजबाड़ी में श्रीश्री सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा महासप्तमी पूजन के साथ शुरू हो गया है। सोमवार को कतरास राजा तालाब में पूरे विधि-विधान के साथ नव पत्रिका का पूजन किया गया। कतरास राजबाड़ी से विशाल शोभायात्रा निकाली गयी जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास राजा तालाब पहुंची। यहां पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गयी।

शोभायात्रा में दर्जनों महिला-पुरुष एवं बच्चे नाचते-गाते चल रहे थे। शोभा यात्रा में बांकुड़ा का ढाक आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभायात्रा में जनशक्ति जल के सुप्रीमो सूरज महतो, चैती दुर्गा पूजा के अध्यक्ष अमरनाथ स्वर्णकार, सचिव समीर चक्रवर्ती, रिंटू बनर्जी, गणेश मोदक, मधुसूदन दा, राजू दे, सच्चिदानंद उपाध्याय, जय चटर्जी, अमित चटर्जी, सिकंदर चक्रवर्ती, गोलू हलधर, मोनू गोप, हारु चक्रवर्ती आदि शामिल थे।

आज प्रातः 8:00 बजे महाअष्टमी पूजन एवं शाम 5:00 बजे संधि पूजा की जायेगी। वहीं 17 अप्रैल प्रातः 9:00 बजे नवमी पूजा एवं 12:00 बजे हवन तत्पश्चात महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

मां दुर्गा की 15, 16, 17 को महाआरती संध्या 7:00 बजे प्रतिदिन किया जाएगा। 18 अप्रैल को प्रातः 7:00 बजे दशमी पूजा 9:00 बजे नव पत्रिका विसर्जन सह महिलाओं के लिए विशेष सिंदूर खेला एवं रात्रि 8:00 बजे प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।

## भाजपा के पास विजन, विपक्ष के पास कोई विजन नहीं है : अमर बाउरी




**प्रातः आवाज**

**बोकारो।** भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के रूप में सुनाया है, जिसे भाजपा के चंदनक्यारी विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने बोकारो के सेक्टर वन स्थिति हंस रीजेंसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया है। उन्होंने बताया कि भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में 400 पार करेगी और अपने 10 साल के कार्यकाल को लेकर वह जनता के पास जाएगी और अपने पक्ष में जनता से वोट मांगेगी। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के पास विजन है। वहीं विपक्ष के लोगों के पास कोई भी विजन नहीं है। खासकर धनबाद लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में बोलते हुए कहा कि वह जनता के बीच लोकप्रिय नेता हैं। इसीलिए अब तक विपक्ष की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जो लोग ढुल्लू महतो का विरोध कर रहे हैं, वे कौन लोग हैं। यह वही लोग हैं जो किसी पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसे हार का डर सता रहा है। झारखंड में विपक्ष परिवार वाद और वंशवाद की राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अगर स्टार प्रचारक हैं तो सुप्रियो भट्टाचार्य, बसंत सोरेन क्या हैं। जबकि वह एक विधायक हैं, एक मंत्री हैं। मगर कल्पना सोरेन क्या हैं। शिवाय मुख्यमंत्री की पत्नी के अलावा। इसके अलावा अगर कोई गुण है उनमें तो बताएं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ लूट की सरकार है जो जनता को लूटते हैं और धोखा देते हैं और बहुत जल्द ही इसका सुपड़ा साफ होने वाला है।

### पिछरी में चैती दुर्गा मंदिर में खुला माता का पट

# मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रातः आवाज**

**पिछरी (बेरमो)।** पेटवार प्रखंड के पिछरी पंचायत स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के सातवें दिन महासप्तमी की सुबह बंगाल से आए आचार्य महादेव बनर्जी, रास बिहारी, पुजारी नरेश पांडेय सहयोगी पंडित पवन पाठक ने मुख्य यजमान मुकेश मिश्रा द्वारा नवपत्रिका स्नान के साथ मां के स्वरूप व मां दुर्गा को मंदिर में प्रवेश कर मां के प्रतिमा का अनुष्ठान के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई। बेरमो क्षेत्र में बासंतीय नवरात्र व चैती दुर्गा पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है।

नवरात्रि में मां दुर्गा की विशेष उपासना और पूजा की जाती है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय में हो गया है। वहीं नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा की गई और इसी दिन प्रातःकाल के समय नवपत्रिका पूजा यानी नौ तरह की पत्तियों से मिलाकर बनाए गए गुच्छे से दुर्गा आह्वान किया गया। इस मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष गणेश मिश्रा, सचिव दीपक मिश्रा, कोषाध्यक्ष गुलचंद मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, उपसचिव बिरंची मिश्रा, संरक्षक पूर्व मुखिया छत्रधारी मिश्रा, पूर्व सरपंच रतन कुमार मिश्रा, नकुल मिश्रा, देवीलाल मिश्रा, राकेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, चुन्नू मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, विनोद साव, तपन मिश्रा, धीरज मिश्रा, कौशल मिश्रा, रितेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, बंटी मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, निकु मिश्रा, गणेश ठाकुर, लव कुश मिश्रा, नितेश ठाकुर आदि उपस्थित हुए।

# रोटरी क्लब ने बच्चों के बीच बांटे खेल सामग्री



**प्रातः आवाज**

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद की सामग्री वितरित की गई। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि बच्चों को खेल भावना के प्रति जागरूक करने एवं निरंतर खेलकूद का अभ्यास करने के लिए आवश्यक खेलकूद सामग्री उनको उपलब्ध कराई गयी है।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। कार्यक्रम के संयोजक विनोद चोपड़ा ने कहा कि बच्चों में खेल भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित खेल से हम खेल में कैरियर भी बना सकते हैं। कहा कि बच्चों में शारीरिक गतिविधियां एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बच्चों का खेलना अत्यावश्यक है।

संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में ही वास करता है।

सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी चास सदैव सेवा कार्यों में तत्पर रहती है। इसके अंतर्गत बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों को क्रिकेट बैट, विकेट सेट, कैरेम बोर्ड, बैडमिंटन रैकेट, कार्क, फुटबॉल, चैस बोर्ड, लूडो, फ्लाइंग डिस्क, स्कीपिंग रोप उपलब्ध कराए गए। कहा कि रोटरी चास आगे भी बच्चों के लिए इस तरह के आयोजन करती रहेगी। खेलकूद का सामान पाकर बच्चे बेहद खुश हुए।

स्कूल के वार्डन भागीरथ महतो एवं विद्यालय परिवार ने रोटरी द्वारा किए गए कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप, ऊषा कुमार, कमल तनेजा, अमन मल्लिक, विपिन अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, किरण कुमार, मुकेश केजरीवाल, रीतू केजरीवाल, शैल रस्तोगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# धूमधाम से मनी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती




**प्रातः आवाज**

**बोकारो।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेक्टर 4 डी अंबेडकर मैदान में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म महोत्सव सेल एससी, एसटी इम्पलाईज फेडरेशन बोकारो यूनिट की ओर से बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभारी सामग्री प्रबंधन, विशिष्ट अतिथि हरि मोहन झा, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) एसएन हेंब्रम, वरीय प्रबंधक एससी एसटी, संपर्क पदाधिकारी सेल ,बीएसएल मनोज कुमार, प्रचार केंद्रीय विद्यालय सेक्टर 4 मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा जो लिखित संविधान है, वह दुनिया के सबसे खूबसूरत संविधान है। इसकी सही तरीके से पालन करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि हरिमोहन झा ने कहा कि संविधान एक ऐसा ग्रंथ है जो पूरे भारत को जोड़े रखी है। बाबा साहब से सीख लेने की जरूरत है कि अपनी हर विकट परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और इस मुकाम तक पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केंद्रीय कमेटी नई दिल्ली सह अध्यक्ष फेडरेशन के अध्यक्ष एमके अभिमन्यु ने किया एवं संचालन महासचिव रवींद्र महली ने किया। कार्यक्रम में भीष्म बैठा, वीरेंद्र कुमार, धर्मा पासवान, इंदल पासवान, महेश पासवान, संजय कुमार, महावीर मरांडी, अनिल कुमार, सुरेश पासवान, संजय कुमार, दिनेश रविदास, सुनील कुमार, सुशील कुमार, युगल चौधरी, ऋषि देव कुमार, लालू प्रसाद, नवल पासवान, बैजनाथ प्रसाद, सरोज कुमार, पिंटू भक्त, शशिकांत, परमेश्वर पासवान, आरके राणा, यूके सुमन, सादे भैया, राजेश कुमार, महेश राम, जितेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, आरके अकेला, निर्मल कुमार दास, अरुण कुमार पासवान, मंजीराम, रमाशंकर, काशीनाथ माझी, आर कुमार महली, सुमन कुमार पासवान,। राजू राम, कमल किशोर, शंभू प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हार्दिक की कप्तानी पर इरफान ने उठाए सवाल

## कहा- उन्हें गेंदबाज पर भरोसा नहीं...

मुंबई पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर इरफान पठान ने स्ल्ल 1ह्य ष्टस्य मैच के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने गेंदबाज आकाश मधवाल पर भरोसा नहीं है। बता दें, चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 206 रन बोर्ड पर लगाए थे, सीएसके को 200 के पार पहुंचाने में महेंद्र सिंह धोनी का अहम रोल रहा था जिन्होंने अंतिम 4 गेंदों पर 20 रन बटोरे थे। धोनी ने आखिर ओवर में हार्दिक पांड्या के खिलाफ यह रन बटोरे थे। इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या के इसी ओवर को लेकर सवाल उठाए हैं। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हार्दिक शुरू से ही एक कप्तान के रूप में अच्छे नहीं रहे हैं। सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल को आखिरी ओवर फेंकना था और वह बॉलिंग मार्क तक पहुंच गए थे।

## पलक ने शूटिंग में जीता 20वां ओलिंपिक कोटा

- ISSF फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता ब्रॉन्ज मेडल

नईदिल्ली, एजेंसी। पलक ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ढ्ढस्स्स्न फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारत के लिए 20वां पेरिस 2024 ओलिंपिक कोटा हासिल किया। 18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

गोल्ड जीतने वाली शूटर ने पहले ही हासिल कर लिया था ओलिंपिक कोटा

फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा।

# 12 साल बाद

## रोहित ने लगाया शतक

### फिर भी चेहरे पर उदासी, जश्न तक नहीं मना सके हिटमैन

**आईपीएल में रोहित शर्मा के बल्ले से 12 साल बाद शतकीय पारी आई, लेकिन इसके बावजूद टीम को जीत नहीं मिल पाई। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में रोहित के शतक बाद भी मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना पाई।**

मुंबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 29वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के धाकड़ खिलाड़ी रोहित शर्मा ने नाबाद 105 रनों की पारी खेली। आईपीएल में रोहित शर्मा के बल्ले से 12 साल बाद शतकीय पारी आई, लेकिन इसके बावजूद टीम को जीत नहीं मिल पाई। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में रोहित के शतक बाद भी मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना पाई। रोहित शर्मा आईपीएल के इतिहास में पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए जिन्होंने नाबाद शतक तो लगाया, लेकिन उनकी टीम मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई। रोहित अपनी शतकीय पारी में 63 गेंद में 105 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 11 चौके और 5 छक्के भी लगाए। रोहित के अलावा सीएसके के खिलाफ और कोई भी खिलाड़ी कमाल नहीं दिखा सके।

### सीएसके के लिए पाथिराना ने गेंदबाजी में किया कमाल

सीएसके खिलाफ मैच में जब मुंबई की टीम 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी तो रोहित शर्मा ने ईशान किशन के साथ मिलकर टीम को दमदार शुरुआत दिलाई, लेकिन ईशान किशन के आउट होने के साथ ही मुंबई की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई। खास तौर से तेज गेंदबाज मथिसा पाथीराना के खिलाफ तो मुंबई के बल्लेबाजों की हालत बहुत ही खराब हो गई। मैच में पाथिराना ने दमदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 28 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पाथिराना सीएसके के लिए आईपीएल में चार विकेट झटकने वाले सबसे यंगेस्ट प्लेयर भी बने। पाथिराना ने यह कारनामा 21 साल 118 दिन की उम्र में किया।

### 17वें सीजन में मुंबई को मिली चौथी हार

हार्दिक पंड्या की कप्तानी में 17वें सीजन में खेल रही मुंबई इंडियंस को चौथी हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती तीन मैचों में मिली हार के बाद मुंबई ने दिल्ली और आरसीबी के खिलाफ जीत हासिल कर दमदार वापसी की थी, लेकिन एल क्लासिको मुकाबले में उसे एक बार फिर से हार का मुंह देखना पड़ा।



# रोहित के शतक पर भारी पड़े माही के 20 रन...

### माही के 3 छक्कों से थर्रा गया वानखेड़े

**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर ली 2024 सीजन में रविवार (14 अप्रैल) चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच धांसू मैच खेला गया. इस मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी के 20 रनों से रोहित शर्मा का नाबाद शतक हार गया.

मैच में धोनी ने मैदान में उतरते ही तूफानी अंदाज में 3 करारे छक्के जड़े, जिससे पूरा वानखेड़े स्टेडियम थर्रा गया. धोनी ने 4 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए और यही रन मैच में जीत-हार का अंतर साबित हुए. चेन्नई ने 20 रनों से ही मुंबई को करारी शिकस्त दी. रोहित 63 गेंदों पर खेली नाबाद 105 रनों की शतकीय पारी

यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि मुकाबले में मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 63 गेंदों पर 105 रनों की शतकीय पारी खेलकर नाबाद रहे थे, लेकिन वो टीम को मैच नहीं जिता सके. रोहित दूसरे छोर पर खड़े होकर अपनी टीम को हारते हुए देखते रहे. दरअसल, यह कहानी शुरू होती है चेन्नई की पारी से. मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई टीम ने 19.2 ओवर में 186 रन बना दिए थे. पारी की सिर्फ 4 गेंद बची थीं और धोनी नए बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर आए थे. यह आखिरी ओवर मुंबई टीम के कप्तान और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या कर रहे थे. धोनी के लगातार 3 छक्कों से थर्रा गया वानखेड़े स्टेडियम

धोनी ने मैदान में आते ही लगातार 3 छक्के जमा दिए और स्कोर 200 के पार पहुंचाया. फिर आखिरी बॉल पर धोनी ने 2 रन लिए. इस तरह माही ने अपनी पारी में 4 गेंदों पर 20 रन बनाए. यही मैच का असली जीत का अंतर साबित हुए, क्योंकि मुंबई ने भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन बना दिए थे. यदि धोनी के यह 20 रन नहीं आते तो मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था, क्योंकि रोहित शतक लगाकार नाबाद ही मैदान से लौटे हैं. मगर धोनी ने जब यह 3 छक्के लगाए, तब पूरा वानखेड़े स्टेडियम झूम उठा. फैन्स चाहे चेन्नई के हों या मुंबई के... लगभग सभी ने माही के तीन छक्कों का जमकर जश्न मनाया. धोनी के बाद पथिराना का जलवा... 4 विकेट लेकर मैच पलटा

मैच में चेन्नई ने 207 रनों का टारगेट सेट किया, जिसके जवाब में मुंबई की टीम 6 विकेट गंवाकर 186 रन ही बना सकी. 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले हिटमैन एक छोर पर खड़े रहे, लेकिन दूसरी ओर से कोई भी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका. दूसरी ओर चेन्नई टीम के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने 4 विकेट लेकर पूरी बाजी ही पलट दी. पथिराना ने ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और रोमारियो शेफर्ड को अपना शिकार बनाया.




### गायकवाड़ और शिवम ने जड़ी ताबड़तोड़ फिफ्टी

मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी. उन्होंने 8 रनों पर पहला विकेट गंवा दिया. ओपनिंग आए अजिंक्य रहाणे 5 रन बनाकर कैच आउट हुए. मगर उसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी को संभाला और 33 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. इसके बाद शिवम दुबे ने 28 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी. गायकवाड़ ने मैच में 40 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली. जबकि शिवम दुबे ने 38 गेंदों पर नाबाद 66 रन जड़ दिए. इसके बदौलत चेन्नई टीम ने 4 विकेट गंवाकर 206 रन बनाए. दूसरी ओर मुंबई टीम का कोई भी गेंदबाज कमाल नहीं दिखा सका. हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट लिए. जबकि तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी और स्पिनर श्रेयस गोपाल ने 1-1 विकेट अपने नाम किया.

## व्यापार

### अडानी के शेयर की बदौलत एलआईसी की चांदी, 61 हजार करोड़ से ज्यादा का हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश वैल्यू में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडानी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडानी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों - अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडानी एंटरप्राइजेज - में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह में किए गए निवेश पर 59 प्रतिशत का लाभ हुआ।

### बाजार में हाहाकार, लेकिन इस शेयर में तूफानी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में हाहाकार है, लेकिन एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। एस्टर डीएम के शेयर सोमवार को 13 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 558.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने सोमवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयर शुक्रवार को 487.95 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में यह तेजी स्पेशल डिविडेंड के ऐलान की वजह से आई है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने निवेशकों को हर शेयर पर 118 रुपये का स्पेशल डिविडेंड देने का ऐलान किया है। 23 अप्रैल है स्पेशल डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने 118 रुपये स्पेशल डिविडेंड देने के लिए 23 अप्रैल 2024 की रिकॉर्ड डेट फिक्स की है। स्पेशल डिविडेंड अनाउंसमेंट की तारीख से 30 दिन के भीतर कंपनी इसका भुगतान निवेशकों को करेगी। एस्टर डीएम ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि कंपनी के बोर्ड ने जीसीसी बिजनेस की सेल और एफिनिटी होल्डिंग्स की तरफ से जारी रिडीमबल प्रेफरेंस शेयरों को भुनाने से मिली रकम के कारण प्रत्येक शेयर 118 रुपये का स्पेशल डिविडेंड मंजूर किया है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयरों में पिछले एक साल में 120 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2023 को 250.10 रुपये पर थे। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 558.30 रुपये पर पहुंच गए हैं।

वहीं, पिछले 6 महीने में एस्टर डीएम के शेयरों में 65 पर्सेंट से अधिक का उछाल देखने को मिला है। इस अवधि में कंपनी के शेयर 336.20 रुपये से बढ़कर 558 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 558.30 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 238.90 रुपये है। कंपनी के शेयरों में पिछले एक महीने में 27 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।

# पिता ने 500 रुपये कर्ज लेकर खोली थी मिठाई की दुकान, बेटे ने बना दी देश की सबसे बड़ी प्राइवेट यूनिवर्सिटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी यह देश की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटीज में से एक है। इसमें देश-विदेश के करीब 35,000 बच्चे पढ़ते हैं। जालंधर में इस यूनिवर्सिटी का कैंपस 600 एकड़ में फैला है। त्नष्ट से मान्यता प्राप्त इस यूनिवर्सिटी में डिप्लोमा और ग्रेजुएशन से लेकर डॉक्टरेट तक 200 से ज्यादा कोर्स संचालित होते हैं। जब अशोक कुमार मित्तल ने इस यूनिवर्सिटी की शुरुआत की थी तो कुछ लोगों ने उनका मजाक उड़ाते हुए कहा था कि लड्डू बेचने वाले अब डिग्री बांटेंगे। आज इस विश्वविद्यालय की अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ब्राजील, चीन, स्पेन और पोलैंड की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज के साथ पार्टनरशिप है। इसे बेस्ट प्राइवेट यूनिवर्सिटी का अवॉर्ड भी मिल चुका है। अशोक कुमार मित्तल पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्य सभा के सदस्य भी हैं।

अशोक कुमार मित्तल के के पिता बलदेव राज मित्तल ने साल 1961 में अपने एक दोस्त से 500 रुपये कर्ज लेकर जालंधर में लवली स्वीट्स नाम से मिठाई की एक दुकान खोली। उस समय पंजाब में मोटी बूंदी वाली लड्डू का प्रचलन था। बलदेव राज ने मोतीचूर के लड्डू बनाए और यह हिट हो गया। अशोक मित्तल के मुताबिक उनकी दुकान की पहचान यह थी कि वहां साफ-सुथरी और ढकी हुई मिठाइयां मिलती थी। उनकी दुकान की लोकप्रियता बढ़ने लगी और साल 1969 आते-आते उन्होंने शहर में तीन दुकानें खोल



लीं। आज जालंधर और उसके आसपास के इलाकों में मित्तल परिवार के दस से ज्यादा स्वीट स्टोर हैं। साथ ही परिवार ने बेकरी का काम भी शुरू किया है।

### मित्तल की शुरुआत

अशोक मित्तल ने अमृतसर की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी से लॉ में ग्रेजुएशन करने के बाद ने अपने फैमिली बिजनस को जॉइन किया। पिता से बिजनस के गुर सीखे। सबसे बड़ी सीख यही थी कि डर के आगे जीत है। यानी किसी भी बिजनस में उतरो तो उसमें डूब जाओ। अशोक मित्तल ने जब साल 1991 में बजाज स्कूटर की डीलरशिप के लिए अप्लाई किया तो बजाज ने उनकी एप्लिकेशन खारिज कर दी थी। बजाज का कहना था कि उनकी हालत इतनी भी खराब नहीं हुई है कि लड्डू बेचने वालों को अपनी डीलरशिप दें। लेकिन जब बजाज वाले जालंधर आए और उन्हें मित्तल की कारोबारी क्षमता का पता चला तो उन्होंने डीलरशिप दे दी।

इसके बाद परिवार को 1996 में मारुति की डीलरशिप भी मिली। आज जालंधर और उसके आसपास लवली ऑटो के 25 से ज्यादा स्टोर हैं। इसके बाद आई लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी का नंबर। बिजनस चल निकलने के बाद परिवार ने समाज की बेहतरी का लक्ष्य लेकर इस यूनिवर्सिटी की स्थापना की। उस समय पंजाब में कोई प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी नहीं थी। साल 1999 में उन्होंने अपना संस्थान खोला और इसे नाम दिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज। इसे पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से रजिस्टर्ड कराया गया।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी

मित्तल ने 2003 में यूनिवर्सिटी का दर्जा पाने के लिए पंजाब सरकार के पास अप्लाई किया और 2005 में इसे यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल गया। इसे नाम दिया गया लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी। यूनिवर्सिटी ने 2006 में पहला सेशन शुरू हुआ। अभी इसमें दुनिया के 50 से अधिक देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इसमें कुल करीब 35 हजार छात्र हैं। यूनिवर्सिटी का कैंपस 600 एकड़ के इलाके में फैला है और इसमें 3,500 से ज्यादा एकेडमिक स्टाफ है।

# एपल से छिनी बादशाहत, सेमसंग बनी मोबाइल शिपमेंट में दुनिया की नंबर वन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज टेक कंपनी एपल से दुनिया नंबर वन मोबइल कंपनी होने का ताज छिन गया है। 2024 की पहली तिमाही में एपल के स्मार्टफोन शिपमेंट में 10 प्रतिशत की गिरावट हुई है। रिसर्च फर्म आईडीसी की रिपोर्ट में जानकारी दी गई। आईडीसी की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच वैश्विक स्तर पर मोबाइल का शिपमेंट 7.8 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ हो गया है। वहीं, कोरियाई कंपनी सैमसंग का मार्केट शेयर इसमें 20.8 प्रतिशत का रहा है, जो कि एपल से ज्यादा है।




### आईफोन की बिक्री में गिरावट आई

एपल के आईफोन की बिक्री में दिसंबर तिमाही के जोरदार प्रदर्शन के बाद गिरावट देखने को मिली है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सैमसंग को पछाड़ कर एपल दुनिया की नंबर वन मोबाइल कंपनी बन गई थी लेकिन बीती तिमाही में कंपनी 17.3 प्रतिशत के मार्केट शेयर के बाद दोबारा से दूसरे नंबर पर आ गई है।

### तीसरे नंबर पर चीनी कंपनी

चीनी मोबाइल ब्रांड शाओमी 2024 की पहली तिमाही में 14.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। वहीं, अन्य चीनी ब्रांड हुआवेई जैसे चीनी ब्रांडों के मार्केट शेयर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है सैमसंग की ओर से साल की शुरुआत में अपना नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन लाइनअप - गैलेक्सी एस 24 सीरीज को लॉन्च किया था। इस अवधि के दौरान 60 मिलियन से अधिक फोन शिप किए हैं। इस बीच एप्पल ने 50.1 मिलियन आईफोन की शिपिंग की, जो पिछले साल की समान अवधि की 55.4 मिलियन यूनिट से कम है।

संक्षिप्त समाचार

## महिलाएं परिवार शुरू करने के अलावा भी कुछ आकांक्षाएं रखती: श्रुति चौधरी

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स का 'मेरा बलम थानेदार' नाबालिग दुल्हन बुलबुल (श्रुति चौधरी द्वारा अभिनीत) और पुलिस अधिकारी वीर (शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है, जहां वे अपने मतभेदों के बावजूद भरोसे की नींव रखने और अपने विवाहित जीवन की जटिलताओं से निपटने का प्रयास करते हैं। अपने किरदार के लिए प्यार बटोरते हुए, श्रुति चौधरी परंपरागत तरीकों से आगे बढ़ते हुए बुलबुल की भूमिका को जीवंत कर रही हैं। इस कहानी के अनुसार, बुलबुल को अपनी कुंडली में मौजूद दोष को ठीक करने हेतु बच्चा पैदा करने के लिए कहा जाता है। वह बताती हैं कि इस खास सीन को करते समय, उन्हें उस दर्द का एहसास हुआ जो महिलाओं को तब महसूस होता है जब उन्हें किसी भी समस्या के समाधान करने हेतु बच्चा पैदा करने के लिए कहा जाता है। उन्होंने बताया कि वह इन सीन्स को करते समय थोड़ी घबराई हुई थीं क्योंकि महिला होने के नाते वह इस बात को समझ सकती थी। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को अपने लिए खड़ा होना चाहिए और अपने अधिकारों के लिए बोलना चाहिए। बुलबुल की भूमिका निभाते हुए, श्रुति चौधरी कहती हैं, यह हकीकत काफी दुखद है कि महिलाओं से अक्सर शादी के तुरंत बाद 'मां' बनने की उम्मीद की जाती है। मेरा मानना है कि परिवारों को यह समझना चाहिए कि महिलाएं परिवार शुरू करने के अलावा भी कुछ आकांक्षाएं रखती हैं, और उन्हें इसका सम्मान करना चाहिए। शो में यह किरदार निभाते हुए, मैं उस दबाव को समझ सकी जिसका सामना महिलाओं को बच्चा पैदा करने से संबंधित बातों को लेकर करना पड़ता है। जबकि बच्चे निस्संदेह एक वरदान हैं, लेकिन जीवन के ऐसे महत्वपूर्ण हिस्से के लिए सही समय चुनना भी उतना ही ज़रूरी है। बुलबुल का किरदार निभाकर मुझे अविश्वसनीय रूप से संतोष मिला है, क्योंकि इससे मुझे महिलाओं को अपना रास्ता बनाने और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने हेतु सशक्त बनाने की सहूलियत मिली है।

## हृदय वाल्व का रिप्लेसमेंट एक मुश्किल प्रक्रिया, मिनिमली इन्वेज़िव विकल्पों ने बनाया आसान : युगल किशोर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हृदय वाल्व का रिप्लेसमेंट एक मुश्किल प्रक्रिया है, लेकिन मेडिकल टेक्नोलॉजी में हुई प्रगति द्वारा टीएवीआई (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन) जैसे मिनिमली इन्वेज़िव विकल्पों ने इस प्रक्रिया को आसान बना दिया है। टीएवीआई को टीएवीआर (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट) भी कहा जाता है। इस प्रक्रिया में एक रोगग्रस्त हृदय वाल्व को निकालकर उसकी जगह एक नया मानव निर्मित वाल्व लगा दिया जाता है। यह इनोवेटिव दृष्टिकोण एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित लोगों के इलाज में काफ़ी कारगर है। एओर्टिक स्टेनोसिस में एओर्टिक वाल्व कठोर हो जाता है और हृदय को वाल्व के छोटे से छेद से खून को पंप करना मुश्किल हो जाता है। पारंपरिक रूप से वाल्व के रिप्लेसमेंट के लिए ओपन-हार्ट सर्जरी करनी पड़ती थी, जिसे सर्जिकल एओर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन कहा जाता है। लेकिन टीएवीआई की मदद से एक कम इन्वेज़िव विकल्प मिला है, क्योंकि इस प्रक्रिया में एक छोटा सा चीरा लगाया जाता है, और छाती की सभी हड्डियाँ अपनी जगह पर सुरक्षित रहती हैं। इसलिए इस प्रक्रिया में कम समय में स्वास्थ्य लाभ मिलता है और जटिलताओं का जोखिम कम हो जाता है। युगल किशोर मिश्रा, चीफ ऑफ क्लिनिकल सर्विसेज, हेड ऑफ कार्डियेक साइंसेज़ और चीफ कार्डियो वैस्कुलर सर्जन, मणिपाल हॉस्पिटल द्वारका ने टीएवीआई के बारे में 5 महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। हर प्रक्रिया में कुछ जोखिम होता है। टीएवीआई की प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद होने वाली जटिलताओं पर खुलकर बात होनी चाहिए। नए वाल्व से रक्तस्राव, संक्रमण, स्ट्रोक या खून का रिसाव हो सकता है। टीएवीआई प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद क्या-क्या समस्याएं होने की संभावना है, इसके बारे में मरीजों को अपने डॉक्टर से खुलकर बात करनी चाहिए। मरीजों को स्वस्थ होने में अलग-अलग समय लग सकता है, लेकिन टीएवीआर में ओपन-हार्ट सर्जरी के मुकाबले अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है।

### रोकेंगे अवैध मिट्टी खनन

# सेना के रिटायर जवानों को बड़ी जिम्मेदारी देगी यीडा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विकसित होने वाले सेक्टरों में भूमाफिया की नजर है। यहां अवैध मिट्टी खनन तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्राधिकरण ने इसकी रोकथाम के लिए नया प्लान तैयार किया हैं। यमुना सिटी के छह सेक्टरों में अवैध मिट्टी खनन समेत अतिक्रमण रोकने के लिए रिटायर्ड फौजी की तैनाती की गई है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा अवैध मिट्टी खनन और अतिक्रमण समेत अन्य समस्याएं सेक्टर-28, 29, 32, 33, 22डी और 22सी से आ रही है। यह सभी सेक्टर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बेहद नजदीक है। सितंबर में एयरपोर्ट पर उड़ान शुरू हो जाएगी, ऐसे में इसके आसपास जमीन की मांग काफी बढ़ गई है।

वहीं मौका देखते ही भू माफिया भी यमुना क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। यमुना प्राधिकरण ने एजेंसी के माध्यम से रिटायर्ड फौजियों की नियुक्तियां की है। इनकी ड्यूटी अब अधिसूचित क्षेत्र में लगा दी गई है। फौजी बतौर सुरक्षाकर्मी अधिसूचित क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखेंगे। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि होने पर



प्राधिकरण को खबर देंगे। इसके बाद प्राधिकरण अधिकारी मामला का संज्ञान लेते हुए पुलिस की मदद से कार्रवाई कराएंगे। इन सभी सेक्टरों में 10-10 रिटायर्ड फौजी तैनात किए जाएंगे। इन्हें चौकसी के लिए अलग-अलग प्वाइंट दिए जाएंगे। हर कोई अपने प्वाइंट पर खड़े होकर व गश्त लगाकर रखवाली करेगा। इसके लिए उन्हें मानदेय भी मिलेगा। यमुना प्राधिकरण ने बीते दो वर्षों में अधिसूचित क्षेत्र की करीब 434 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1867 करोड़ रुपए है। वहीं, प्राधिकरण ने विभिन्न थानों में 138 भू माफिया के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है। अबतक 582 वादों में से 347 वादों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर विकास कार्यों को गति दी जा चुकी है। बता दें कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र छह जिलों तक फैला हैं। इनमें गौतमबुद्धनगर के अलावा बुलंदशहर, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा व आगरा शामिल है। इन इलाकों में कई नई योजनाएं आ रही हैं। यह सभी हथियारबंद भी होंगे। किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए सेक्टरों में हथियार बंद रिटायर्ड फौजियों की तैनाती की गई है। इनके पास यमुना प्राधिकरण की गाड़ियां भी रहेगी। यह गश्त लगाकर सेक्टरों की सीमाओं की रखवाली करेंगे।

## जोधपुर लोकसभा सीट पर अशोक गहलोत का रहा दबदबा, 5 बार दर्ज की जीत

**जोधपुर , एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा है। इस सीट से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सर्वाधिक पांच बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। जोधपुर अशोक गहलोत का गृह नगर है। यहां अब तक हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने सर्वाधिक आठ बार जीत दर्ज की जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों ने पांच बार चुनाव जीता है। पिछले दो चुनावों में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने चुनाव जीता है। वह इस बार जीत की तिकड़ी बनाने के लिए फिर चुनाव मैदान में हैं। इस बार गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उचियाड़ा से है, जबकि पिछले चुनाव में उन्होंने अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को करीब पौने तीन लाख मतों से चुनाव हराकर दूसरी बार संसद पहुंचे। इस बार वैभव गहलोत को जोधपुर से टिकट नहीं देकर उन्हें जालोर-सिरोही



लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाया जा रहा है। इस साल हो रहे चुनावों में गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम और केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर ही चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि उचियाड़ा प्रदेश की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की उपलब्धियों और कांग्रेस की नई पांच गारंटियो के साथ एक बार सेवा का मौका देने का लोगों से आग्रह कर रहे हैं। इस बार चुनाव में इन दो उम्मीदवारों के साथ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मंजू मेघवाल और अन्य दलों, निर्दलीयों सहित कुल पन्द्रह उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। जोधपुर जिले की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा का कब्जा है, वहीं एकमात्र सरदापुरा सीट पर कांग्रेस के अशोक गहलोत ने जीत दर्ज की थी। सांसद चुने गए थे। इसके बाद वह साल 1957 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने। साल 1962 के चुनाव में भी यहां से निर्दलीय प्रत्याशी ने बाजी मारी और लक्ष्मीमल सिंघवी सांसद चुने गए। इसके बाद साल 1967 में कांग्रेस के नरेंद्र कुमार तो 1971 में फिर निर्दलीय उम्मीदवार कृष्णा कुमारी ने जीत दर्ज की। 1977 के चुनाव में यहां से जनता पार्टी के टिकट पर रणछोड़ दास गट्टानी सांसद चुने गए।

## एकनाथ शिंदे का गढ़ मांग रही है भाजपा, महाराष्ट्र में 9 सीटों पर फंसा पेंच

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी महायुति अब तक सीट बंटवारा नहीं कर सकी है। खास बात है कि महाराष्ट्र में चुनावी दौर शुरू होने में महज 5 दिनों का ही समय रह गया है। कहा जा रहा है कि तीनों दलों के बीच 9 सीटों पर पेच फंसा हुआ है। इधर, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में भी सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस नेताओं में नाराजगी की खबर है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि महायुति रत्नागिरी-सिंधुदुर्गी, सतारा, औरंगाबाद, नाशिक, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर दक्षिण को लेकर सहमति नहीं बना पा रही है। अब रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग और सतारा में 7 मई को मतदान होना है, औरंगाबाद में 13 मई और अन्य सीटों पर 20 मई को वोटिंग होगी।

कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर हो रही बातचीत अब तक गठबंधन के लिए सकारात्मक रही है। रिपोर्ट के



मुताबिक, ऐसी सीटों की संख्या 15 से घटकर 9 रह गई है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी कुछ सीट शेयरिंग में बातचीत को स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, तीन या चार सीटों पर चर्चाएं हैं। हम बातचीत करेंगे और समाधान निकालेंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार भी ऐसी ही प्रतिक्रिया देते नजर आए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, जानकार बताते हैं कि भाजपा ठाणे पर दावा पेश कर रही है। जबकि, शिवसेना शिंदे की पहचान जुड़े होने के चलते इसे हाथ से नहीं जाने देना चाहती। कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर बातचीत की शुरुआत में ही भाजपा ने शिवसेना से ठाणे या कल्याण चुनने के लिए कहा था। कल्याण से शिंदे के बेटे श्रीकांत सांसद हैं। खबर है कि मुंबई दक्षिण सीट से भाजपा स्पीकर राहुल नार्वेकर को उतारना चाहती है। जबकि, शिवसेना आरोप लगा रही है कि गठबंधन की साथी इस सीट पर दावा पेश कर उद्धव ठाकरे कैंप को फायदा पहुंचा रहे हैं। शिंदे सेना का कहना है कि जब शिवसेना और भाजपा गठबंधन में थीं, तब हमेशा यह सीट अविभाजित शिवसेना के लिए छोड़ी गई थी।

## कैदी नंबर 804 से डरता है शरीफ परिवार, इमरान खान की पार्टी के नेता ने प्रधानमंत्री शहबाज पर साधा निशाना

**क्वेटा एजेंसी।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने पीएम शहबाज पर निशाना साधा है। विपक्ष के नेता ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि शरीफ परिवार कैदी नंबर 804 से डरता है। नेता ने पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके कैदी नंबर को लेकर विपक्ष पर हमला किया।



रविवार को क्वेटा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, अयूब ने जोर देकर कहा कि पीटीआई ने जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। पीटीआई नेता ने दावा किया है कि मौजूदा प्रशासन भंग होने के बाद उनकी पार्टी अगली सरकार बनाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीटीआई बस कानून और संविधान की सर्वोच्चता चाहती है। अयूब ने कहा कि यह पुराना पाकिस्तान नहीं है। लोग अब जाग गए हैं। बाधाओं के बावजूद हमारी रैलियां सफल रही हैं। जियो न्यूज के अनुसार, पीटीआई नेता ने आगे खुलासा किया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया गया और उन्हें पिशिन और चमन में सार्वजनिक समारोहों के दौरान पार्टी के झंडे दिखाने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि गठबंधन दल आने वाले दिनों में देशभर में रैलियां आयोजित करेंगे।

जियो न्यूज के अनुसार, अयूब ने 12 अप्रैल को घोषणा की कि वे 8 फरवरी के आम चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ और महाविपक्षी गठबंधन की छत्रछाया में बलूचिस्तान से देश में संविधान और लोकतंत्र को बहाल करने के लिए एक विरोध आंदोलन शुरू करेंगे।

## बाइडेन ने ट्रंप प्रशासन की तुलना में अधिक चीनी कंपनियों को किया ब्लैकलिस्ट

**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने शासनकाल में एशियाई राष्ट्र चीन की 319 कंपनियों और नागरिकों को निशाना बनाया है, जो किसी भी अन्य अमेरिकी प्रशासन से अधिक है। ब्लूमबर्ग ने शुक्रवार को बताया कि व्हाइट हाउस ने डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की तुलना में जो बाइडेन के प्रशासन में अधिक चीनी संस्थाओं और व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट किया है, क्योंकि दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहा व्यापार विवाद लगातार बढ़ रहा है।

अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने फरवरी में आठ चीनी कंपनियों को अपनी निर्यात ब्लैकलिस्ट में जोड़ा, जिससे बाइडेन ने ट्रंप के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सप्ताह छह और जोड़े गए, जिससे वर्तमान प्रशासन के तहत नए लक्ष्यों की संख्या 319 हो गई। ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के दौरान विभाग द्वारा लगभग 306 संस्थाओं को काली सूची में डाला गया था। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध 2018 से बढ़ गया जब ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान अमेरिका द्वारा आयातित चीनी सामानों पर बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाना शुरू कर दिया था। रिपब्लिकन नेता ने बीजिंग पर अनुचित व्यापार प्रथाओं को अपनाने और बौद्धिक संपदा की चोरी का आरोप लगाकर उपायों को उचित ठहराया। बाइडेन ने चीन के साथ



व्यापार पर सख्त रुख जारी रखा है। उन्होंने न केवल अपने पूर्ववर्ती द्वारा लगाए गए टैरिफ को यथास्थान छोड़ दिया, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र सहित नवाचार तक पहुंच को अवरुद्ध करने वाले प्रतिबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए दबाव भी बढ़ा दिया। चीनी अधिकारियों ने वाशिंगटन की नीतियों की निंदा की है और प्रतिबंधों को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के विकास को विफल करने का प्रयास बताया है।इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता हे यादोंग ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए निर्यात नियंत्रण सामान्य आर्थिक जबरदस्ती और एकतरफा धमकाने वाला व्यवहार है। उन्होंने कहा, अमेरिका को तुरंत अपने गलत कामों को सुधारना चाहिए और चीनी कंपनियों का अनुचित दमन बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजिंग अपने कानूनी अधिकारों और देश के व्यवसायों के हितों की रक्षा करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय ने ताइवान को हथियारों की बिक्री पर अमेरिकी रक्षा उद्योग फर्मों जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें वाशिंगटन पर अपनी संप्रभुता को कमजोर करने का आरोप लगाया गया।

## कई देशों के आयात-निर्यात कारोबार हो सकते हैं प्रभावित, बढ़ सकती है विश्व बाजारों में महंगाई की टेंशन

**लंदन/वाशिंगटन, एजेंसी।** वैश्विक संगीनता के मद्देनजर, ईरान और इजराइल के बीच तनाव में वृद्धि के संकेतों के बीच, विश्व बाजारों में महंगाई की टेंशन बढ़ गई है। तनाव की बढ़ती संभावना से, ग्लोबल शेयर बाजार और अर्थव्यवस्थाओं के लिए भविष्य अधिक अस्पष्ट हो गया है। साथ ही कई देशों के आयात-निर्यात कारोबार भी प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा, सोने के दाम में भी उछाल आ सकता है। ऐसे में एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाला समय मुश्किल भरा हो सकता है। ईरान के हालिया हमले ने तेल उत्पादन क्षेत्र को प्रभावित किया है, जो विश्व के लगभग तीन तिहाई क्रूड ऑयल उत्पन्न करता है। इस तनाव के कारण, तेल की कीमतों में वृद्धि की संभावना है, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। साल-दर-साल ब्रेंट की कीमत 12 अप्रैल, 2024 को 19 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 90.45 डॉलर प्रति बैरल हो गई है, जबकि 2 जनवरी, 2024 को यह 75.89 डॉलर प्रति बैरल थी। तनाव बढ़ने से तेल का आयात निर्यात प्रभावित होने की ज्यादा संभावना है।

## जो बाइडन और नेतन्याहू की बातचीत के बाद ठंडे पड़ गए तेवर, ईरानी हमलों के बाद भी इजरायल चुप

**येरुशलम, एजेंसी।**
अरब देशों से अकेले ही निपटने के लिए मशहूर रहा इजरायल आखिर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद भी ज्यादा आक्रामक क्यों नहीं है और बदले की बात पर चुप क्यों है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में फिलहाल यह सवाल अहम है। इजरायल पर आरोप था कि उसने सीरिया में ईरान के कौंसुलेट पर अटैक किया था और उसके टॉप जनरल समेत 12 लोगों को मार डाला था। इसका बदला लेने की धमकी देते हुए ईरान ने उस पर रातोंरात हमला किया और करीब 300 ड्रोन एवं मिसाइल दागे। इनमें से ज्यादातर को इजरायल ने आसमान में ही मार गिराया, लेकिन कुछ मामूली नुकसान भी हुआ है। इजरायल की प्रतिष्ठा के लिहाज से ईरान का हमला एक चुनौती की तरह



है। ईरान ने यह भी कहा है कि यदि आप फिर से पलटकर अटैक करेंगे तो फिर उसका भी माकूल जवाब मिलेगा। फिर भी इजरायल अब ज्यादा आक्रामक नहीं है। इसकी वजह यह है कि अमेरिका ने सक्रिय तौर पर युद्ध में उतरने से इनकार कर दिया है। रविवार को इजरायल की वॉर कैबिनेट की मीटिंग थी। इसमें ज्यादातर सदस्यों ने ईरान से बदला लेने पर सहमति जताई। लेकिन यह बदला कब और कैसे लिया जाए, इसे लेकर स्पष्टता नहीं दिखी। बेंजामिन नेतन्याहू की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय वॉर कैबिनेट के कुछ लोगों ने कहा कि हमें बदला लेने के लिए हमला कर देना चाहिए। इस मीटिंग के बाद फिर बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बात की। जो बाइडेन ने स्पष्ट किया कि वह हथियारों और अन्य मदद से इजरायल के साथ हैं, लेकिन अमेरिका सक्रिय तौर पर उसकी ओर से युद्ध में नहीं उतरेगा। उसके बाद से ही इजरायल का रुख थोड़ा ठंडा पड़ गया है। दरअसल इजरायल की यह खासियत रही है कि वह अपनी जंग को वैश्विक रूप देने में सफल रहा है। आमतौर पर नाटो, जी-7 जैसे ग्रुप उसके साथ आते रहे हैं। लेकिन इस बार अमेरिका के दूरी बनाने से अन्य देशों का भी सक्रिय समर्थन मिलना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में इजरायल नहीं चाहता कि एक साथ दो मोर्चे खुलें और वह हमास के अलावा ईरान से भी जंग लड़े।

**हालात विकट हो जाएंगे, ऐसा क्यों बोल रहा अमेरिका:** अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि खुलेतौर पर यदि युद्ध हुआ तो पश्चिम एशिया के हालात विकट हो जाएंगे। यही वजह है कि अमेरिका के अलावा अरब देश भी दोनों को युद्ध से बचने की सलाह दे रहे हैं। किर्बी ने कहा कि अमेरिका की ओर से इजरायल की रक्षा के लिए मदद होती रहेगी, लेकिन युद्ध में हम शामिल नहीं होंगे। यही नहीं जॉर्डन के किंग ने भी अमेरिका से बात की है और कहा है कि इजरायल को युद्ध से बचने की सलाह दें।

## स्वीप गतिविधि के तहत जागरुकता वाहन को किया गया रवाना



**प्रातः आवाज**

**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज सोमवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता वाहन रवाना किया गया।

जिला उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, नोडल अपर समाहर्ता शशिंदर कुमार बराई, पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। प्रचार वाहन के माध्यम से गुमला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा तैयार किए गए विभिन्न गीतों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में शत प्रतिशत वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है। आगामी 13 मई को गुमला जिले में मतदान दिवस है। उन्होंने जिले के मतदाताओं से अपील की कि इस लोकसभा चुनाव के महापर्व में सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें।

# उपायुक्त ने मतदान केंद्र संख्या 243 एवं 244 का किया निरीक्षण

**प्रातः आवाज**

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 13 मई को गुमला जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर रायडीह प्रखंड स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने रायडिग प्रखंड के सीलम में स्थित मतदान केंद्र संख्या 243 एवं 244 (राजकियाकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीलम - पू. एवं द.) मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया गया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा मतदान दिवस के दिन मेडिकल किट की व्यवस्था, बूथ में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए हेल्फ डेस्क की व्यवस्था, आवश्यक साइनेज लगाने, वोलेंटियर्स की व्यवस्था, मतदाता का व्यवस्थित कतार आदि का निर्देश दिया गया।



## उपायुक्त के निर्देश पर जिले के पदाधिकारी कर रहे हैं मतदान केंद्रों का निरीक्षण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले के सभी वरीय अधिकारियों द्वारा भी लगातार विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने भी सिसई के छारदा पंचायत अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 36, 37, 38,39,40 का निरीक्षण किया गया, उक्त सभी मतदान केंद्र में मतदान प्रतिशत 55 प्रतिशत से कम है। मतदान के प्रतिशत में कमी आने के कारणों को अवलोकन करने के साथ साथ उन्होंने मतदान केंद्र अंतर्गत मतदाता सूची का मिलान किया साथ ही सभी मतदान केंद्र अंतर्गत एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी का भी अवलोकन किया। साथ ही वहां के मतदाताओं से मुलकात कर जिले में 13 मई को होने वाले मतदान दिवस के दिन सभी को वोट देने के प्रति प्रेरित भी किए।

## युवती ने कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**प्रातः आवाज**

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू थाना अंतर्गत नचना ग्राम में युवती ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उक्त घटना नचना ग्राम में बृजमोहन भुईयां की पुत्री आरती कुमारी के साथ घटी है। मिली जानकारी के अनुसार आरती कुमारी अपने घर में घरेलू कार्य को लेकर लापरवाही बरत रही थी, जिसे लेकर उसकी मां ने उसे फटकार लगाया और हर काम को अच्छे से करने की हिदायत दीं।



इसी कारण आवेश में आकर आरती कुमारी ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसे गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां पर डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार के द्वारा इलाज किया गया। फिलहाल युवती की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# होटल कार्निवाल सभागार में महाउलगुलान महारैली की सफलता के लिए झामुमो जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**प्रातः आवाज**

**लातेहार।** होटल कार्निवाल के सभागार में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी लातेहार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव और संचालन जिला सचिव शमसुल होदा ने की।



बैठक में मुख्य रूप से केंद्र की जन विरोधी एवं तानाशाह सांप्रदायिक भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित इंडिया महागठबंधन की महाउलगुलान महारैली की सफलता हेतु चर्चा कर रणनीति बनाई गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार मुंबई दिल्ली एवं पटना में महारैली कर एक जुटता का प्रदर्शन किया गया आगामी 21 अप्रैल 2024 को रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में ऐतिहासिक रैली होगी जिसमें लातेहार जिले से केंद्र द्वारा दिये गए टारगेट से अधिक लगभग 20000 लोगों की ऐतिहासिक भागीदारी होगी।

इस बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय उपाध्यक्ष सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैजनाथ राम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, केंद्रीय सदस्य सह जिला प्रवक्ता दीपू कुमार सिंहा, केंद्रीय सदस्य मोहम्मद मुस्तकीम, जिला उपाध्यक्ष सित मोहन मुंडा, अनिल मनोहर, चंद्रदेव उरांव, मोहम्मद इमरान, उपेंद्र यादव, मनोज चौधरी, हरी कुमार भगत, सुमन, सुनील सोरेंग, बारीश अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, युवा जिला सचिव परवेज आलम, अंजर खान, वासुदेव प्रसाद यादव, विजय भगत, गौरी शंकर उरांव, मुनाजीर हुसैन, रेखा देवी, अरुण सिंह, लाल संजीत सहदेव, अरविंद यादव, इनायत करीम, मजदूर नेता प्रदीप गंझु, विनोद उरांव, जिला परिषद लातेहार समेत प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, सुरेश गंझू, प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, परमेश्वर गंझू, चंदवा प्रखंड सुरेश गंझू, सचिव मोहम्मद इजहार, बबलू राही, ब्रह्मदेव प्रजापति, असगर अली, बिनेशर उरांव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अशोक पांडे, सचिव एहसान अंसारी, रिंकू कश्यप, आलोक कुमार मंटू, अरशद अंसारी, फत्ताउल्लाह अंसारी, मनिका प्रखंड अध्यक्ष चिकेश्वर राम, सचिव संदीप उरांव, सत्येंद्र यादव, मुरारी ठाकुर, करीमन भुइयां, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष अफजाल, महबूब आलम, बाबूराम सिंह, शाहिद, भोलू, गारू प्रखंड अध्यक्ष मो. तौकीर मियां, अजय टोप्पो समेत सैकड़ों नेता-कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली




**प्रातः आवाज**

**लातेहार।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को हेरहंज प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय धुर्रे के छात्र-छात्राओं ने स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाल मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। यह रैली राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धुर्रे से निकलकर विभिन्न चौक चौराहें होते हुए स्कूल जाकर समाप्त हई। रैली के माध्यम से लोगों को अपने मत का अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए मतदान करने का अपील किया गया।


साथ ही अधिक से अधिक संख्या में 20 मई को अपने घरों से निकलकर वोट करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता रैली स्कूल के शिक्षकों के नेतृत्व में किया गया। शिक्षकों के निर्तित्व में किया गया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दो घायल

## मुखिया के सहयोग से सीसीएल के एम्बुलेंस से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**प्रातः आवाज**

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ-चंदवा मुख्य मार्ग एनएच 22 पर मिशन स्कूल के पास सोमवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक युवक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र की बसिया पंचायत अंतर्गत पाहन टोला निवासी जगतलाल गंझू के इकलौते पुत्र जितेंद्र गंझु के रूप में हुई है। जबकि घायलों में इसी टोला के निवासी चलितर गंझू के पुत्र धनराज गंझु एवं कालेश्वर गंझू के पुत्र अर्जुन गंझू शामिल है। जिनका उपचार बालूमाथ



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। हालांकि मृतक जितेंद्र गंझू को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थानीय पुलिस द्वारा लाया गया। लेकिन उसे जांचों प्रांत मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक बाइक में सवार होकर तीन युवक बालूमाथ थाना क्षेत्र के सिमरसोत ग्राम अंतर्गत लोहसिंगना टोला के एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर बसिया लौट रहे थे कि इसी दौरान मिशन स्कूल के पास तीखी मोड़ पर अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए जिससे यह घटना घट। उधर स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक जितेंद्र गंझू जगतपाल गंझु के चार पुत्रियां पर एकलौता पुत्र एवं बसिया पंचायत की ग्राम प्रधान बाबूलाल गंझू का भतीजा है। इधर इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल मृतक का शव बसिया पंचायत के मुखिया बिमला देवी के द्वारा तेतरिया खाड़ सीसीएल का एम्बुलेंस उपलब्ध कराते हुए लातेहार भेजने का व्यवस्था किया गया।

## पुलिस ने रामनवमी को लेकर किया फ्लैग मार्च

**रमना (प्रातः आवाज)।** रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर रमना थाना प्रभारी असफाक आलम के नेतृत्व में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर असफाक आलम ने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्वेश्य से सुरक्षा बल के साथ पैदल मार्च निकालकर स्थानीय लोगों में सुरक्षा का अहसास दिलाया जा रहा है। फ्लैग मार्च रमना थाना परिसर से निकल कर विशुनपुरा मोड़, मुख्य पथ, चटनिया, सर्वेश्वरी चौक, हरिगणेश मोड़, शहीद भगत सिंह चौक, रमना बजार और स्टेशन रोड़ होते थाना परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान दुकानदारों व आसपास मौजूद लोगों से कहा गया कि अनावश्यक भीड़ से परहेज करने की आवश्कता है। संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु को देखते ही पुलिस को सूचना दे।कोई भी व्यक्ति किसी के साथ अभद्रता कर या इंटरनेट मीडिया पर आपंति पोस्ट कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है तो वह गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहें। चौक चौराहे पर सड़क के किनारे खड़े वाहनों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आवागमन बाधित होने की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारी असफाक आलम के साथ सभी पुलिस पदाधिकारी, थाना के जवान और प्रखंड सह अंचल के कर्मी उपस्थित थे।



## बढ़ती गर्मी में सावधानी व बचाव जरूरी : उपायुक्त

**प्रातः आवाज**

**लातेहार।** आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी किया है। लातेहार जिले के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिलों में हीट वेव की संभावना व्यक्त की गई है।



जिले में लगातार बढ़ने तापमान को देखते हुए उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह के द्वारा जिलेवासियों से गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई है। वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का उपयोग गर्मी के मौसम में करते रहें, ताकि शरीर में पानी के कमी से होने वाली बिमारियों से बचाया जा सके। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती है। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। खास कर के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण अत्यधिक गर्मी हो रहा है, ऐसे में बिना जरूरी काम के घरों से न निकलें। गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आम नागरिक अपने दैनिक कार्यक्रमों की सूची बनाने से पूर्व रेडियो, टीवी या अखबार के माध्यम से अपने स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें ताकि घर से बाहर निकलते समय गर्म हवाओं व लू के प्रकोप से बचा जा सके। गर्मी के प्रकोप से बचे रहने के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**क्या करें :** आरामदायक कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलें तो बेहतर है कि आप हल्के रंग के ढीले–ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर व गर्दन पर रखें। अगर तबीयत ठीक न लगे और चक्कर आएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लिक्विड डाइट का ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें। जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना, गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी इत्यादि, मौसमी फलों का जैसे खरबूज, तरबूज, आम, ककड़ी का सेवन जरूर करें। ध्यान दें कि शरीर में पानी की कमी न हो। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दा, शटर आदि का इस्तेमाल करें रात में खिड़कियां खुली रखें।

## भगवामय हुआ कामडारा

**कामडारा (प्रातः आवाज)।** रामनवमी को लेकर गांव, कस्बा में जोर-शोर के साथ तैयारी चल रही है। रामनवमी को लेकर राम भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। रामनवमी को लेकर विभिन्न अखाड़ा कमेटियां जोर शोर के साथ तैयारी कर रही हैं। पूरे कामडारा प्रखंड को भगवा झंडों से सजाया जा रहा है। खासकर मुख्य मार्गों को भगवा झंडा से पाटा जा रहा है। अखाड़ा कमेटी मंदिरों में भव्य व आकर्षक झंडे लगा रही है। मंदिर को सजाने का काम चल रहा है। कामडारा रामनवमी समिति के अध्यक्ष अवध बिहारी गुप्ता ने बताया कि 17 अप्रैल को महादेव मंडा डांड बजरंग बली के मंदिर से मुख्य संडक मार्ग से प्रिंस चौक से ब्लॉक चौक बजरंग बली मंदिर तक जुलूस निकाला जाएगा। इस जुलूस में विभिन्न आखाड़ा से लोगो को निमंत्रण किया गया है।वही 18 अप्रैल सुबह में जगह जगह से आखाड़ा से कलाकार अपने लाठी डंडा से करतब मंडा डांड में दिखाएंगे। इस कार्यक्रम में विहिप बजरंग दल कामडारा की मुख्य भूमिका निभाई जा रही है।

अखाड़ा में डंका बजाकर हो रहा शस्त्र अभ्यास : रामनवमी को लेकर विभिन्न अखाड़ा में युवा खिलाड़ी लाठी व शस्त्रों का अभ्यास कर रहे हैं। अखाड़ा में प्रत्येक शाम डंका बजाया जा रहा है। यहां लाठी खेल व शस्त्रों का अभ्यास कार्यक्रम भी चल रहा है। रामनवमी के दिन खिलाड़ी जगह जगह खेल का प्रदर्शन करेंगे।

### बालूमाथ में बाबा भीमराव की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# अंबेडकर की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता : त्रिपाठी

**प्रातः आवाज**

**बालूमाथ।** देश के संविधान रचचिता डॉ. भीमराव अंबेडकर के 133वें जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को शोभायात्रा निकालकर सैकड़ों के संख्या में गाजे-बाजे के साथ पैदल शहीद चौक, चेक नाका थाना टमटम टोला होते हुए हरिजन टोला के पांकी रोड़ पहुंचकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम फीता जोड़कर एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों को बैच एवं अंगवस्त्र देकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री



कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब के कुर्बाना को भुलाया नहीं जा सकता। आज हम सभी को बाबा साहेब के बताये मार्गों पर चलने की आवश्यकता है। हाजी मोतिउर रहमान ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब दबे कुचले लोगों के आवाज बनकर देश में ही नहीं विदेश में भी अपनी आवाज को बुलंद किया था। उन्हीं की देन है कि आज हम सामान्य रूप से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। चेतना मंच के संरक्षक सुरेश राम, अध्यक्ष मनोज यादव, कोषाध्यक्ष दीपक यादव, आमिर हयात ने संयुक्त रूप से कहा कि दलित समाज आज भी पिछड़ा है। जरूरत है शिक्षा ग्रहण कर दलित समाज को आगे बढ़ने की। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश एवं गढ़वा से आये कलाकार सोनी संगम, श्रवण कुमार, पूजा नायक के द्वारा बाबा साहब पर एक से एक नृत्य कर उपस्थित अंबेडकर वादियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया नरेश लोहरा, श्यामसुंदर यादव, गोपाल राम, बल्केश्वर राम तुलसी राम, मीडिया प्रभारी राम कुमार राम, संजय रवि, बाबूलाल राम, राजेश कुमार रवि का अहम योगदान रहा। मौके पर दिलीप रजक, गोविंद दास, राजू दास सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## एसएसजेएस नामधारी कॉलेज में स्वीप के तहत कार्यशाला आयोजित

**प्रातः आवाज**

**गढवा।** एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में स्वीप कोषांग के द्वारा नैतिक मतदान एवं ईवीएम-वीवीपैट के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहां ईवीएम वीवीपीएटी की पारदर्शिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों ने बारी-बारी कर उक्त विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर द्वारा डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से इसके कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई और बताया गया कि कोई भी मतदाता ईवीएम के माध्यम से मतदान करते समय वीवीपीएटी मशीन पर रियल टाइम में दबाए गए बटन के सामने छपे चुनाव चिन्ह का मिलान कर सकता है। मतदान का यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर मतदाता ध्यान ना दें। स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा एथिकल वोटिंग यानी नैतिक मतदान को लेकर बताया गया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल देश के विकास के लिए अवश्य करना चाहिए। हर एक वोट कीमती है, इसलिए मतदान दिवस के दिन अपने घरों से बाहर आयें और अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। अमीर हो चाहे गरीब सभी वर्ग के पास मतदान करने का अधिकार है, हर एक वोट कीमती है, इसे व्यर्थ न जाने दें। इस दौरान नैतिक मतदान को लेकर कॉलेज के प्रोफेसर एवं कर्मियों के बीच अपनी बातों को रखा गया। उनसे अपील किया कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास में भागीदारी बने। किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आए ना ही किसी के दबाव में आकर वोट करें। अपने मर्जी से पूरी सूझबूझ के साथ मतदान करें। इस दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा C-vigil App, SAKSHAM App एवं Voter Helpline App की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नए मतदाता वोटर हेल्पलाइन अस्त्रस्त्र के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं।

## महायज्ञ को लेकर 31 बालक-बालिकाओं ने 12 घंटे के साथ हजारों लोगों ने की परिक्रमा

**बालूमाथ (प्रातः आवाज)।** अनुमंडल क्षेत्र के हेरहंज प्रखंड के चिरू ग्राम में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चित्रकूट के स्वामी सीताराम शरण जी महाराज के तत्वावधान में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित नौ दिवसीय श्री शिवशक्ति प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर 31 बालक-बालिकाओं ने 12 घंटे के साथ हजारों लोगों ने अपनी मनोकामना को लेकर परिक्रमा की। सभी बालक-बालिकाओं ने अलग-अलग समय के अनुसार की। अधिकांश बालक-बालिकाएं संध्या बेला में प्रारंभ कर प्रातः काल तक यह परिक्रमा पूरी की। इस परिक्रमा के तहत आयोजन समिति के सदस्य के साथ-साथ परिक्रमा कर रहे बालक-बालिकाओं के शुभचिंतक भी यज्ञशाला मंडप पर डटे रहे। वहीं आयोजित महायज्ञ के दौरान सोमवार को करीब 5000 श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला मंडप की परिक्रमा की। परिक्रमा को लेकर सुबह 5:00 से ही लोगों को लंबी कतार देखी गई।

राजेश तमेड़ा और सीमा देवी को उनकी शादी की 15वीं सालगिरह पर हार्दिक शुभकामनाएं।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587/7004527300 RNI No JHAHIN/2022/83327